शुभ धनतेरस
शुक्रवार
6 नवंबर 2026

दोपहर दैनिक

सिटी ब्लास्ट

इंदौर | वर्ष-22 • अंक-143 — निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता — मूल्य 2 रुपए • पृष्ठ 12 | epaper.cityblast.in

धनतेरस के साथ दीपावली पर्व का श्रीगणेश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

सुबह से गुलजार हुए बाजार, आज देर रात तक बरसेगा धन, अरबों का होगा व्यापार

दीपावली के पांच दिवसीय पर्व की आज शुरूआत हो गई। दीपावली पर्व 6 दिन रहेगा। आज सुबह भगवान धनवंतरि का पूजन किया गया, व्यापारियों ने गादी पूजन भी किया। रुपये देकर आज लोग बर्तन, सोना-चांदी और वाहन के साथ इलेक्ट्रानिक आयटम और अन्य सामग्री खरीदकर घर ला रहे हैं। दीपावली महापर्व के लिए शहर को विशेष रूप से सजाया गया है। चकाचौंध रोशनी भी आज शाम से नजर आएगी। आज धन तेरस के लिए सराफा, बर्तन बाजार, वाहन और इलेक्ट्रॉनिक शो रूम विशेष रूप से सजाये गए हैं। आज इन बाजारों में अरबों का धन बरसेगा। बड़ी तादाद में लोग सोना, चांदी, बर्तन, वाहन, इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदेंगे। आज देर रात तक बाजार गुलज़ार रहेंगे, बाजारो में खरीदी करने और सजावट देखने वालों की भीड़ रहेगी। इस महापर्व पर मिट्टी के दीये से लेकर सोना तक और फूल पत्ते तक बिकते हैं इसलिए फुटपाथ से लेकर सड़क तक और छोटी दुकानों से लेकर बड़े शो रूम तक जमकर खरीद फरोख्त होगी।

पूजन सामग्री हो या सजावट का समान .कपड़े. जूते चप्पल. से लेकर मिठाई नमकीन तक की दुकानों पर आज से लेकर दिवाली याने 8 नवंबर तक भारी भीड़ रहेगी। बाजारों में मिट्टी के दीयों से लेकर मोम और बिजली के दीयों से लेकर पानी तक के दीये बिक रहे हैं। पटाखों के बगैर दिवाली मनती नहीं इसलिए महंगे होने के बाद भी लोग पटाखे खरीद रहे हैं। कुल मिलाकर आज से लेकर 3 दिन तक शहर के हर बाजार में धन बरसेगा। छोटे-बड़े व्यापरियों की चांदी होगी और बाकी लोगों की दिवाली होगीं।

पंवार और पटेल का चर्चा में वीडियो

मुंबई। एनसीपी नेता शरद पंवार और पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रफुल्ल पटेल की वीडियो सामने आने के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में चर्चाएं तेज हो गई है। इस वीडियो में पंवार ने 10 नवंबर के बाद एक साथ बैठकर चर्चा करने की बात कही है। इस बयान के अलग-अलग मायने निकाले जा रहे हैं। अभी प्रफुल्ल पटेल अजीत पंवार गुट के साथ है।














पाउडर मिला सोना बंद नहीं हुआ तो हड़ताल पर जाएंगे कारीगर

दिवाली बाद लेंगे एक्शन, आभूषण बनाने में भी आ रही मिलावट के कारण परेशानी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शास्त्रों में सोने को शुद्ध एवं पवित्र माना गया है, लेकिन शहर में सोने की शुद्धता को लेकर आभूषण व्यापारी और कारीगर चिंतित है। सोने में पाउडर मिलाया जा रहा है। इससे व्यापारियों की प्रतिष्ठा तो दांव पर लगी ही है वही कारीगरों को भी ज्वेलरी बनाने में समस्या आ रही है। सोने में मिलाए जा रहे पाउडर से आभूषण बनाने वाले बंगाली कारीगरों को भी दिक्कते आ रही है। सोने के तार खींचने में और आभूषण बनाने की प्रक्रिया में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। देवी अहिल्या बंगाली स्वर्ण शिल्पी सेवा समिति के अध्यक्ष सुशांत सामंत ने बताया कि दिवाली को देखते हुए एसोसिएशन ने फिलहाल कोई एक्शन नहीं लिया है, लेकिन आगामी दिनों अगर मिलावट पर रोक नहीं लगती है तो कारीगर हड़ताल करेंगे। खास बात यह है कि टंच निकालने के बावजूद तपाने पर सोना काला पड़ने और कारीगर के आभूषण बनाते समय तार टूटने की शिकायत आ रही है। इस मामले में सराफा का सोना चांदी जवाहरात व्यापारी एसोसिएशन भी मुखर हुआ है। उन्होंने अब ऐसी शिकायत मिलने पर कानूनी कार्रवाई करने की बात कही है।

कृषि उपज मंडी में मुहूर्त और मिलन आयोजन होगा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री इन्दौर कृषि उपज व्यापारी संघ के नारायण गर्ग, आनन्द गर्ग, राजेश खंडेलवाल, रूपेश अग्रवाल ने बताया कि दीपावली पर्व के बाद मंडी परिसर में 11 नवम्बर को सुबह 8 बजे से महालक्ष्मीजी का पूजन होगा उसके बाद नीलामी मुहूर्त 8.51 बजे होगा। सुबह 10.31 बजे से मिलन समारोह लक्ष्मीबाई नगर अनाज मंडी प्रांगण में आयोजित होगा। इस मिलन के बाद भोजन भी किया जाएगा।




















700 टन प्रतिदिन बढ़ गया इंदौर का कचरा

दीपावली के त्यौहार पर घरों की सफाई ने बढ़ा दिया कचरा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

इन दिनों इंदौर में घरों से निकलने वाला कचरा 700 टन प्रतिदिन बढ़ गया है। दीपावली के त्यौहार के कारण लोगों के द्वारा घरों की साफ सफाई किए जाने और अटाला हटाए जाने के कारण कचरे की मात्रा में यह वृद्धि हो गई है।

घर-घर से कचरा संग्रहण करने वाली गाड़ी इन दिनों जब भी आती और जाती हुई नजर आती है तो उसमें गाड़ी की छत पर ढेर सारा कचरा रखा हुआ नजर आता है। इसके पहले कचरा हमेशा कचरा गाड़ी में ही सूखे और गीले कचरे के रूप में विभक्त होकर भरा हुआ रहता था। कभी भी कचरा गाड़ी में भरने के बाद में छत पर भी भरकर ले जाने का काम नहीं किया जाता था। इस बारे में निगम के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि लोगों के घरों से कचरा इतनी बड़ी संख्या में मिल रहा है कि उस कचरे को गाड़ी के अंदर ही भरपाना संभव नहीं हो पा रहा है। ऐसे में लोगों के द्वारा अपने घर से कचरा के रूप में दिए जाने वाले बड़े-बड़े कार्टून और अन्य सामान को गाड़ी की छत पर रखकर ले जाना पड़ रहा है।

लोगों के द्वारा दिए जाने वाले सूखे और गीले कचरे की मात्रा में भी बढ़ोतरी हो गई है। इस समय अन्य दिनों की तुलना में इंदौर में 700 टन कचरा प्रतिदिन ज्यादा और अतिरिक्त निकल रहा है। अब आज से दीपावली का पांच दिवसीय मुख्य त्योहार शुरू हो गया है। अब कल से नगर निगम को सड़क पर छोड़े गए पटाखे का कचरा मिलना शुरू हो जाएगा। इस तरह से अभी कचरे की स्थिति गंभीर बनी हुई है। निगम के अधिकारियों का कहना है की सफाई मित्रों के द्वारा लगातार और बेहतर सफाई कर दिए जाने के बावजूद भी कचरा नजर आ रहा है क्योंकि लोग लापरवाही कर रहे हैं।

आयुक्त को मिला कचरा ही कचरा

नगर निगम आयुक्त के द्वारा कल कई स्थानों पर दौरा करते हुए वहां की स्थिति का जायजा लिया गया। इस दौरान आयुक्त को कई स्थानों पर साफ सफाई की व्यवस्था इंदौर के मापदंड के अनुसार नहीं मिली। बहुत सारे स्थान पर कचरा फैला हुआ था या कचरा का ढेर लगा हुआ था। इस स्थिति को देखकर आयुक्त के द्वारा स्वास्थ्य विभाग के कामकाज के प्रति अपनी नाराजगी भी व्यक्त की गई है।

56 दुकान के सुपरवाइजर को हटाया

निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल कल 56 दुकान का दौरा करने के लिए भी पहुंचे थे। वहां पर उन्होंने देखा कि लोगों के बैठने और खाने वाले स्थान पर भी गंदगी की स्थिति थी। इसके पहले भी 56 दुकान के दौर में सफाई की स्थिति अच्छी नहीं मिली थी। कल फिर से हालत खराब मिलने पर उन्होंने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए 56 दुकान क्षेत्र के स्वच्छता के प्रभारी सुपरवाइजर को हटाने का निर्देश दिया।

कल की रात रहीं मौसम की सबसे ठंडी रात

परसों की ठंडक का रिकार्ड 24 घंटे में ही टूट गया

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कल की रात इस मौसम की सबसे ठंडी रात साबित हुई है। परसों तापमान की गिरने का जो रिकॉर्ड बना था वह रिकॉर्ड 24 घंटे में ही टूट गया है।

अब इंदौर के मौसम में ठंडक ने दस्तक देना शुरू कर दिया है। बुधवार को अधिकतम तापमान 31.3 डिग्री सेल्सियस था जो कि कल बढ़कर 32 डिग्री सेल्सियस हो गया। इससे यह संदेश मिला कि दिन के समय में गर्मी की स्थिति अभी भी बढ़ रही है। दोपहर में तो धूप मानो काटने को ही दौड़ती है। बुधवार और गुरुवार के दरमियानी रात में इंदौर का न्यूनतम तापमान 12.7 डिग्री सेल्सियस हो गया था। यह तापमान सामान्य तापमान से 3 डिग्री सेल्सियस कम था। कल रात में इस तापमान में बड़ा बदलाव आया है। कल रात को यह तापमान गिरकर 12 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। इस तरह से इंदौर की सबसे ठंडी रात जो परसों की थी उसका रिकॉर्ड 24 घंटे के अंदर ही टूट गया है। कल की रात अब सबसे ठंडी रात बन गई है। पिछले कई दशक में नवंबर के महीने में तापमान 12 डिग्री पर नहीं आया है। यह पहला मौका है जब तापमान ने इतना ज्यादा गोता लगाया है। मौसम विशेषज्ञो का कहना है कि अभी इंदौर का तापमान इसी तरह से नीचे की तरफ जाता रहेगा। अब ठंड ने अपने आगमन की सूचना तापमान के माध्यम से देती है। अगले 10 दिन में इंदौर में इतनी ठंड पादना शुरू हो जाएगी कि नागरिकों को महसूस होने लगेगी। अभी भी सुबह जल्दी और रात को देर से सड़क पर निकलने वाले लोगों को ठंड का एहसास हो जाता है। तापमान में गिरावट का यह सिलसिला अब धीरे-धीरे दिन के समय में भी ठंड के आगमन की सूचना देता हुआ नजर आएगा। इस बार बारिश ज्यादा नहीं होने के कारण ठंड भी ज्यादा नहीं पढ़ने की उम्मीद है। मालवा क्षेत्र के मौसम की तासीर को जानने वाले बताते हैं कि जब बारिश कम होती है तो ठंड भी कम पड़ती है। ऐसे में हल्की-फुल्की गुलाबी ठंड नागरिकों को ज्यादा आनंद देगी।


ऑनलाइन सिस्टम पर चला गया निगम का एक विभाग

विभाग ने बोर्ड लगाकर दूसरे विभागों को उनकी नाकामी का आईना दिखाया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

नगर निगम का एक विभाग पूरी तरह से ऑनलाइन सिस्टम पर चला गया है। इस स्थिति के बनने के बाद इस विभाग के द्वारा इस बारे में बोर्ड लगाकर निगम के दूसरे विभागों को उनकी नाकामी का आईना दिखा दिया गया है।

नगर निगम में ई-फाइलिंग व्यवस्था लागू करने की कवायद के बीच राजस्व विभाग ने इस दिशा में मिसाल पेश की है। निगम का यह इकलौता विभाग है, जहां पूरी तरह ई-फाइलिंग व्यवस्था से कामकाज किया जा रहा है। यहां अब कागजी फाइलों का इस्तेमाल लगभग खत्म हो चुका है और फाइलों का पूरा संचालन ऑनलाइन हो रहा है।अपर आयुक्त राजस्व आकाश सिंह इसी व्यवस्था के तहत काम कर रहे हैं। विभाग में फाइलों को एक अधिकारी से दूसरे अधिकारी तक पहुंचाने, रिसीविंग और डिस्पैच जैसी पारंपरिक प्रक्रियाओं से मुक्ति मिल गई है। इसका सीधा असर कामकाज की गति पर पड़ा है। फाइलों का निपटारा पहले की तुलना में तेजी से हो रहा है और लंबित फाइलों की



समस्या भी काफी हद तक खत्म हुई है।

ई-फाइलिंग व्यवस्था की खासियत यह है कि किस अधिकारी के पास कौन-सी फाइल लंबित है, इसकी जानकारी ऑनलाइन मिल जाती है। किसी अधिकारी को भेजी गई फाइल तीन दिन तक उसके पास रहती है। इस अवधि में यदि संबंधित अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं करता है तो फाइल वापस लौट जाती है। इससे फाइलों को अनावश्यक रूप से रोककर रखने की गुंजाइश कम हो जाती है।

इस व्यवस्था में फाइल गुम होने, चोरी होने या उसमें अनधिकृत बदलाव किए जाने की आशंका भी नहीं रहती। डिजिटल रिकॉर्ड सुरक्षित रहता है और जरूरत पड़ने पर फाइल की स्थिति तथा उस पर हुई कार्रवाई की जानकारी भी आसानी से मिल जाती है।

एक ओर राजस्व विभाग पूरी तरह डिजिटल व्यवस्था पर काम कर रहा है, वहीं नगर निगम के दूसरे विभाग अब भी पुरानी फाइल प्रणाली पर निर्भर हैं। यहां तक कि निगम आयुक्त कार्यालय में भी प्रतिदिन बड़ी संख्या में कागजी फाइलों का आदान-प्रदान होता है। आयुक्त को भी प्रत्येक फाइल को देखकर और पढ़कर उस पर हस्ताक्षर करने पड़ते हैं। इस तरह के ऑनलाइन व्यवस्था को करने के साथ ही इस विभाग के द्वारा इस बारे में बोर्ड लगाकर ढोल भी बजाया जा रहा है। इसके माध्यम से इस विभाग के द्वारा निगम के दूसरे विभागों को आइना दिखाया जा रहा है। ध्यान रहे कि निगम का कोई भी दूसरा अपर आयुक्त अपने विभाग में ऑनलाइन सिस्टम लागू करने में रुचि नहीं ले रहा है। अब आकाश सिंह ने अपना ढोल बजाकर इन अपर आयुक्त की कार्यशैली को सभी के बीच में उजागर कर दिया है।

दलित नेता के निवास पर विहिप के परांडे ने की शिरकत



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय महामंत्री श्री मिलिंद परांडे ने अ.भा. बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दलित नेता मनोज परमार के निवास स्थान पर शिरकत की। परांडे का स्वागत किया गया। सौहार्दपूर्ण वातावरण में धर्मांतरण मतांतरण घर वापसी लवजिहाद जैसे गम्भीर विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। सामाजिक समरसता का संदेश भी दिया गया। कमल दीक्षित, कमल शर्मा, राजेशसिंह सिसौदिया, विजय सिंह चौहान,दिनेश कुलपारे, पवन भावसार,भावेश परमार, दिनेश हिरवे, गोलू राठौड़,प्रशांत चौहान, संतोष अलोने, धर्मेन्द्र गुर्जर, पंकज राठौर, राम नागौर, आकाश मालवीय, चंदन मालवीय, नितिन चंदेल, शुभम प्रधान, घनश्याम उपाध्याय सहित अन्य मौजूद थे।



महासाध्वी के दर्शन किए

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। नरसिंह वाटिका में चातुर्मास कर रही महासाध्वी कुमुदलता के दर्शन करने क्षेत्रीय विधायक और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, भाजपा नेता जयदीप जैन एवं सामाजिक नेता मनमोहन झांझरी सहित अन्य पहुंचे। संत ने सार्थक बातें भी कही।

निगम के दोनों दलों के दावेदार करेंगे मिलन आयोजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। दीपावली का महापर्व आज से शुरू हो चुका है और भाजपा-कांग्रेस के अलावा आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी और राजनेता भी इन दिनों सार्थक दिवाली मनाने में लगे हैं। कई जगह पहुंचकर सेवाकार्य में सामग्री का वितरण किया जा रहा है। कई आयोजन में अतिथि बनकर पहुंच रहे हैं। अब अगले वर्ष नगर निगम के चुनाव होना है, उसी के मद्देनजर दोनों ही दलों के नेताओं के अलावा आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी भी दिवाली के बाद वार्डों में मिलन समारोह कर अपने आपको उम्मीदवार के रूप में प्रस्तुत करेंगे।



पार्षद बसवाल ने किया सामग्री का वितरण

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विधानसभा 5 के वार्ड 54 के पार्षद महेश बसवाल ने अपने भाजपाई साथियों और रहवासियों के साथ शांति नगर बस्ती में पहुंचकर लोगों की सार्थक दिवाली मनवाई। कपड़ों का वितरण भी किया और बच्चों को मिठाई, पटाखे, खिलौने भी दिए। महेश बसवाल, गोपाल सिंगार, दुर्गेश मिंजवा, अतुलसिंह राजपूत, रोहन गाँधी, आशु गोयल, करण ऑटोदिया, मिंटू गुप्ता, तुकाराम अलसर, संदीप चौहान, निखिलेश चौहान, अनिल चौहान, मोहन गंगारे, आशीष मुजाल्दे, आदि उपस्थित रहे।

देश के सबसे स्वच्छ शहर में फिर दिखने लगे आवारा पशु, मेट्रो स्टेशन की ग्रीन बेल्ट तक पहुंचे सूअर

नगर निगम की सुस्ती से बिगड़ने लगी सफाई व्यवस्था, खाली प्लॉट और गली-मोहल्लों में कचरे के ढेर के बाद अब पशुओं की समस्या भी बढ़ी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

देश के सबसे स्वच्छ शहर का तमगा हासिल करने वाले इंदौर में एक बार फिर सफाई व्यवस्था की कमजोरियां सामने आने लगी हैं। शहर में खाली प्लॉट, गली-मोहल्लों और नुक्कड़ों पर कचरे के ढेर दिखाई देने लगे हैं। अब आवारा पशुओं की समस्या भी पैर पसारने लगी है। हालात यह हैं कि सूअर मेट्रो स्टेशन की ग्रीन बेल्ट तक पहुंच गए हैं। यह तस्वीर नगर निगम की मैदानी निगरानी और कार्रवाई पर सवाल खड़े कर रही है।

गौरतलब है कि वर्ष 2015 के बाद इंदौर में स्वच्छता अभियान को लेकर बड़े स्तर पर काम शुरू हुआ था। तत्कालीन नगर निगम आयुक्त मनीष सिंह सहित नगर निगम के अधिकारियों ने सख्ती के साथ कचरा प्रबंधन और सफाई व्यवस्था में बदलाव किया। घर-घर कचरा संग्रहण, कचरे का पृथक्करण और खुले में कचरा फेंकने पर कार्रवाई जैसे कदमों ने शहर की तस्वीर बदल दी थी। सार्वजनिक स्थानों से कचरा पेटियां हटाई गईं और आवारा पशुओं के जमावड़े पर भी प्रभावी नियंत्रण किया गया। अब एक बार फिर शहर में पशुपालन और पशुओं को खुले में छोड़ने की गतिविधियां बढ़ने की आशंका है। शुरुआती स्तर पर ही ऐसी गतिविधियों पर रोक लगाना जरूरी है। जिन क्षेत्रों में पशुओं को खुले में रखा जा रहा है, वहां नगर निगम को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। त्योहारी सीजन के चलते कार्रवाई में ढिलाई बरतना शहर की सफाई व्यवस्था के लिए नुकसानदायक हो सकता है। अपर आयुक्त प्रखर सिंह ने बताया कि नगर निगम द्वारा शहर और सीमा में शामिल 29 गांवों में सर्वे करवाया जा रहा है। सड़कों पर दिखाई देने वाले आवारा पशुओं को पकड़कर गौशालाओं एवं अन्य निर्धारित स्थानों पर भेजा जाएगा। शहर को गंदा रखने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इंदौर के स्वच्छता मॉडल के प्रमुख मानक

- 100 प्रतिशत डोर-टू-डोर कचरा संग्रहणः घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से नियमित कचरा उठाना।
- स्रोत पर कचरा पृथक्करणः गीले, सूखे, सैनिटरी और अन्य कचरे को अलग-अलग रखना।
- जीरो ओपन डंपिंगः सार्वजनिक स्थानों और खाली प्लॉटों पर कचरा जमा नहीं होने देना।
- स्वच्छ सड़कें और बाजारः नियमित सफाई और कचरा फैलाने वालों पर जुर्माना।
- वैज्ञानिक अपशिष्ट प्रबंधनः कचरे का प्रसंस्करण और पुराने कचरे का निस्तारण।

इन मानकों के आधार पर ही इंदौर ने लगातार सात बार स्वच्छ सर्वेक्षण में देश में पहला स्थान हासिल किया था। वर्ष 2024-25 में शहर को सुपर स्वच्छ लीग में भी शामिल किया गया।

अब सवाल यह है कि जिस शहर ने सफाई को अपनी पहचान बनाया, वहां व्यवस्थाएं फिर कमजोर क्यों पड़ रही हैं? नगर निगम को सर्वे और आश्वासन से आगे बढ़कर नियमित निगरानी और तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करनी होगी। आवारा पशुओं और कचरे की समस्या को शुरुआती स्तर पर खत्म करना ही इंदौर की स्वच्छता प्रतिष्ठा बचाने का रास्ता है।



11 खाद्य नमूने निरीक्षण के बाद जांच के लिए ले गए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश के बाद खाद्य अधिकारियों ने कल खाद्य सुरक्षा टीम के साथ अलग-अलग खाद्य दुकानों का निरीक्षण किया। 11 खाद्य नमूने लिए गए। खाद्य सामग्री जब्त भी की गई। खासतौर से दो खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण में यह कार्रवाई की गई और 1 लाख 20 हजार रु. के मौजूद खाद्य स्टॉक को जब्त किया गया। खाद्य सुरक्षा टीम ने अग्रवाल कंपाउंड, सुखलिया-खातीपुरा स्थित देव प्रेम मिल्क प्रोडक्ट्स का निरीक्षण किया। यहां प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर रवि गुर्जर द्वारा दूध का संग्रहण कर पनीर, घी, मावा एवं मिठाइयों का निर्माण किया जाना पाया गया। निरीक्षण के दौरान परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिली। खाद्य निर्माण में लगे कर्मचारियों के मेडिकल फिटनेस प्रमाण-पत्र, पेस्ट कंट्रोल संबंधी अभिलेख एवं पानी की जांच रिपोर्ट भी उपलब्ध नहीं कराई गई। इसके अलावा खाद्य पदार्थों का भंडारण अव्यवस्थित पाया गया तथा परिसर में अनावश्यक सामग्री भी रखी हुई मिली। सांवेर रोड स्थित नमकीन क्लस्टर के श्री गणेश चिप्स भंडार का भी औचक निरीक्षण किया गया। यहां प्रोपराइटर हरीश प्रजापत के प्रतिष्ठान में आलू चिप्स एवं आलू लच्छा का निर्माण किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान परिसर में कुछ सड़े हुए आलू पाए गए, जिन्हें मौके पर ही विनष्ट कराया गया। खाद्य निर्माण में उपयोग किए जा रहे तेल का टीपीएम मीटर से परीक्षण किया गया, जिसमें तेल निर्धारित मानकों के अनुरूप पाया गया। प्रतिष्ठान से आलू चिप्स, आलू लच्छा, मिर्च पाउडर, आमचूर पाउडर, सेंधा नमक एवं काला नमक के कुल 6 नमूने विस्तृत जांच के लिए संग्रहित किए गए। वरिष्ठ अधिकारी ने निर्देशित किया कि दीपावली पर्व के दृष्टिगत बाजार में विक्रय होने वाली पारंपरिक मिठाइयों के साथ बेसन नमकीन, चॉकलेट एवं बहुराष्ट्रीय ब्रांडों के पैकेज्ड खाद्य पदार्थों की भी सघन जांच की जाए। मावा एवं अन्य संदिग्ध खाद्य पदार्थों का मौके पर रैपिड टेस्टिंग के माध्यम से प्रारंभिक परीक्षण कर अमानक पाए जाने पर नियमानुसार जप्ती की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच के लिए नमूना संग्रहण बढ़ाने तथा प्रयोगशालाओं से समन्वय कर संदिग्ध नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राथमिकता से प्राप्त करने के निर्देश भी दिए गए।

कालोनी में चलाया सफाई अभियान

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। रिंग रोड, रेडिसन चौराहा के सामने स्थित आनंदा कॉलोनी के रहवासियों ने दीपावली महापर्व की पूर्व बेला में 3 अनूठे सेवा प्रकल्पों का संकल्प लिया। इसके तहत कॉलोनी में रहने वाले सभी परिवारों ने रहवासी संघ के अध्यक्ष हरि अग्रवाल एवं सचिन अनूप सिंघल के आह्वान पर 20 परिवारों के 100 सदस्यों ने कॉलोनी में सफाई अभियान तो चलाया ही, जल की बूंद-बूंद बचाने और पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी ली। आनंदा कॉलोनी मात्र 56 भूखंडों वाली छोटी टाउनशिप है जिसमें सभी तरह की आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध है। रिंग रोड स्थित मालवीय पेट्रोल पंप के पीछे इस कॉलोनी में पिछले कई वर्षों से होली, दशहरा , दीपावली और अन्य सभी तरह के त्यौहार सामूहिक मिलन समारोह के रूप में मनाए जाते हैं।





धनतेरस पर व्यापारिक क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था


इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आज से दीपावली का पर्व शुरू हो गया, आज धनतेरस पर बाजारों में दोपहर बाद भीड़ रहेगी, लेकिन सुबह से ही यातायात पुलिस और क्षेत्रीय पुलिस ने व्यवस्था यातायात की चाकचौबंद करना शुरू कर दी। बेरिकेट्स लगाकर रास्ते भी बंद किए गए हैं। खासतौर से राजवाड़ा से लेकर मध्य क्षेत्र के व्यापारिक क्षेत्र में पहले से ही नो व्हीकल झोन सिस्टम लागू है। पुलिस ने कल भी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भ्रमण किया था। कल भी नो पार्किंग क्षेत्र में खड़े वाहनों पर क्रेन से उठाने, व्हील लॉक करने की कार्रवाई की गई थी। कल के बाद आज भी बाजारों एवं मार्गों पर ड्रोन सर्विलांस के माध्यम से निगरानी की जा रही है। यातायात बाधित करने वाले वाहनों की पहचान कर मौके पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अनाउंसमेंट भी कर रही है। यातायात पुलिस ने हेल्पलाइन नम्बर भी जारी किए हैं।



निगम अधिकारियों ने पानी के टैंकर तैयार करने के निर्देश दिए

फायर सेफ्टी के मद्देनजर एवं खुदाई के दौरान गैस लाइन, पेयजल एवं सीवर लाइनों पर हुई चर्चा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने सिटी बस कार्यालय में दीपावली एवं आगामी त्योहारों के दृष्टिगत शहर की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से समीक्षा बैठक ली। बैठक में जन विश्वास अभियान, यातायात सुधार एवं सड़क मरम्मत, जलप्रदाय व्यवस्था, वैध एवं अवैध नल कनेक्शन, पेयजल लाइनों में लीकेज, अग्नि सुरक्षा, जलप्रदाय एवं ड्रेनेज व्यवस्था तथा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत आगामी त्योहारों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। दीपावली त्योहार पर फायर सेफ्टी के पर्याप्त इंतजाम करने, पानी के टैंकर तैयार रखने के निर्देश दिए। फायर वाहन के साथ पानी के टैंकर, टेंकर पर ड्राइवर उपलब्ध हो इसका ध्यान रखें। अवैध नल कनेक्शनों को वैध करने का अभियान प्रभावी ढंग से संचालित करें, खुदाई के दौरान गैस लाइन, पेयजल एवं सीवर लाइनों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। यातायात व्यवस्था में बाधक एवं क्षतिग्रस्त सड़कों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। वर्कशॉप में जल कनेक्शन बंद करने पर उपयंत्री को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए।



दो उद्योग छोड़ रहे थे सीवर लाइन में प्लास्टिक वेस्ट पानी

दोनों पर किया जुर्माना और समझाइश भी दी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। वार्ड 18 एवं 19 इंडस्ट्रियल एरिया की ईटीपी लाइन का निरीक्षण अधिकारी आकाश जैन, अमित यादव, पलाश पंडित, सिद्धान्त मेहता और कंसल्टेंट की टीम के साथ किया। देखा गया कि कुछ उद्योगों द्वारा बिना ट्रीटमेंट किए पानी एवं प्लास्टिक सहित अपशिष्ट सीधे लाइन में छोड़ा जा रहा है। इस पर कार्रवाई करते हुए नरेंद्र प्लास्टिक पर 10 हजार रुपये तथा रॉयल प्लास्टिक पर 25 हजार रुपये की चालानी कार्रवाई की गई। इस प्रकार दोनों उद्योगों पर कुल 35 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

सफाई व्यवस्था देखने बाजारों में पहुंचे आयुक्त

छप्पन दुकान की अव्यवस्था पर सुपर वाइजर को हटाया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने कल शहर के अलग-अलग व्यापारिक क्षेत्रों छप्पन दुकान, जंजीरवाला चौराहा, पलासिया, एमजी रोड, इंद्रप्रस्थ टावर सहित अन्य क्षेत्रों से लेकर अन्य जगह पर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। सफाई को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। छप्पन दुकान की सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाए जाने तथा क्षेत्रीय सुपरवाइजर द्वारा अपने दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक क्रमांक 9 अनिकेत सिंह को संबंधित सुपरवाइजर को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। जंजीरवाला चौराहा पर भी समस्या पर अलग-अलग क्षेत्र के जिम्मेदार मुकेश करोसिया, अनिकेत सिंह, राजेन्द्र बेगा को भी सफाई को लेकर निर्देश दिए गए। बैठक में संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि दीपावली पर्व के दौरान शहर के सभी प्रमुख बाजारों, व्यावसायिक क्षेत्रों एवं सार्वजनिक स्थलों पर विशेष सतर्कता के साथ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कहीं भी कचरा अथवा गंदगी पाए जाने पर तत्काल सफाई कराई जाए।

























आज सुबह से खुले बाजारों में बरसेगा धन

बर्तन बाजार में बाहर तक हुई बर्तनों की सजावट, सराफा, इलेक्ट्रानिक मार्केट, वाहन के शोरूम सहित अन्य दुकानें भी सुबह से खुलकर सजी-धजी, अब ग्राहकों का इंतजार, शाम को लोग रोशनी भी देखेंगे आज से दीपावली के महापर्व की शुरूआत

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आज से दीपावली का महापर्व शुरू हो गया है। आज दुकानदारों और उद्योगपतियों ने सुबह भगवान धनवंतरि की पूजा की। दुकानों पर गादी पूजा भी हुई। आज सुबह से दुकानें जल्दी खुल गई थी, खासतौर से बर्तन बाजार की दुकानें और वाहनों के शोरूम के अलावा सराफा भी आज जल्दी खुला। शहर के मध्य व्यापारिक क्षेत्रों के अलावा अन्य व्यापारिक क्षेत्र की दुकानें भी आज सुबह से खुल गई। व्यापारिक क्षेत्रों बर्तन बाजार, सराफा सहित अन्य में आज कारपेट भी बिछाए गए। आज बर्तन बाजार में बाहर तक बर्तनों की सजावट की गई



है, रोशनी भी हुई है, रात को लोग शहर के मध्य व्यापारिक क्षेत्रों में रोशनी देखने भी निकलेंगे। आज कई एसोसिएशन ने गेट, बैनर भी लगाए हैं। दुकानदारों ने व्यक्तिगत रूप से सजावट और रोशनी भी की है। कई दुकानों पर फूलों की वंदनवार भी हुई है, जो आगे भी चलेगी, दुकानें सज गई है अब दोपहर से ग्राहकों का इंतजार रहेगा। अलसुबह से खुली दुकानें आज देर रात तक खुली रहेगी। खासतौर से शाम से लेकर रात तक बाजारों में भीड़ की रौनक रहेगी। आज लोग शगुन के रूप में सोना-चांदी, बर्तन, वाहन और कुछ लोग बहीखाते भी खरीदते हैं, आज उद्योगों में भी अंतिम रूप से



प्रोडक्शन चल रहा है, उद्योगों में भी पूजा हुई, कार्यालयों में भी पूजन हुआ, आज शाम समई का पूजन भी होगा। कुल मिलाकर आज बाजारों में धनतेरस पर धन बरसेगा। परदेशीपुरा क्षेत्र के ज्वेलर्स भी आज अपनी तैयारी कर चुके हैं। सुखलिया, सिंधी कालोनी, कालानी नगर रोड, महारानी रोड, पलासिया क्षेत्र, रणजीत रोड, अन्नपूर्णा रोड, जेल रोड, छावनी सहित सभी व्यापारिक क्षेत्रों में तैयारियां पूरी है। एमजी रोड की ज्वेलरी की दुकानों सहित पूरे इंदौर की ज्वेलरी दुकानों पर आज रोशनी विशेष दिखाई दे रही है। वाहनों के शोरूम पर भी आज खरीददारी होगी, कई लोगों ने पहले ही वाहन पसंद करके रख लिए हैं। फुटपाथ और राजवाड़ा क्षेत्र में भी रोड पर दुकानें लगी है। फुटपाथ पर पूरे इंदौर में आज पूजन सामग्री, फूल माला और सजावट के सामान बेचने का काम किया जा रहा है। व्यापारिक क्षेत्रों में सुबह सफाई अभियान भी निगम ने सुबह से चलाया।

भगवान धनवंतरि का हो रहा है सुबह से पूजन



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आज धनतेरस है और भगवान धनवंतरि का पूजन धन एवं स्वास्थ्य के देवता के रूप में किया जा रहा है। आज सुबह घरों में भी भगवान की पूजा आराधना की गई। यही स्थिति दुकान, उद्योग, कार्यालय में रही। वहीं भगवान धनवंतरि के आड़ा बाजार स्थित मंदिर में सुबह से आस्था की दरकार दर्शन और पूजन के रूप में दिखी। यहां बड़ी तादाद में श्रद्धालु पूजा के लिए पहुंच रहे हैं।

लक्ष्मीनारायण मंदिर में रुपयों का शृंगार

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। जवाहर मार्ग वाघमारा बगीचा के बाहर स्थित माता मंदिर के पीछे लक्ष्मीनारायण मंदिर है, जहां आज सुबह से विशेष शृंगार दर्शन श्रद्धालुओं ने किए। रुपये से शृंगार किया गया।




गेंदे के फूल की लड़ियां

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आज भी दुकानदार और उद्योगपतियों ने दीपावली महापर्व की शुरूआत धनतेरस पर गेंदा फूल की लड़ियां दुकानें के बाहर लगाई, कई दुकानदारों ने शोपीस की लड़िया लगाई। आज गत वर्ष की तुलना में 10 रु. किलो गेंदा महंगा मिलता दिखाई दिया। गुलाब के पूल भी महंगे हैं।

बहनों की हस्तनिर्मित कला प्रदर्शनी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। वसुमित्र समाज सेवा समिति एवं प्रेस क्लब ने प्रेस क्लब में अनुसूचित जाति और जनजाति बहनों की हस्तनिर्मित सजावटी दीये, बिजली की सुंदर झालरें, पारंपरिक तोरण और आकर्षक लड्डू कैंडल्स प्रदर्शित किए गए।





रणजीत बाबा का शृंगार दर्शन देख रहे हैं श्रद्धालु

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आज धनतेरस पर रण को जीताने वाले रणजीत बाबा का विशेष शृंगार श्रद्धालु दर्शन के दौरान देख रहे हैं। दीपावली की शृंखला के प्रथम दिन आज दुकानों और उद्योगों पर पहुंचने के पहले श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन किए।

मिठाई और नमकीन की खरीददारी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। दीपावली महापर्व की शुरूआत पर आज से मिठाई और नमकीन की खरीददारी भी की जाएगी। घरों में सजावट के सामान भी खरीदे जाएंगे। वहीं पूजन सामग्री से संबंधित सामग्री भी खरीदी जा रही है। संस्थानों द्वारा जो गिफ्ट और मिठाई दी जाती है उनके ऑर्डर भी दिए जा चुके हैं। मिठाई के अलावा ड्रायफ्रूट की भी तैयारी की गई है।



शुक्ला की जयंती मनाई

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। राष्ट्रीय संयुक्त अधिवक्ता मंच के तत्वावधान में इंदौर जिला न्यायालय परिसर में पूर्व मंत्री नारायणप्रसाद शुक्ला की जयंती मनाई गई। दिलीप राजपाल, धीरज दुबे, विजय दुबे, हरीश शर्मा, धीरज दुबे, विजय दुबे, हेमंत यादव, धर्मेंद्र सिंह मौजूद थे।

पुलिस जवाब की पाठशाला में पहुंचे अधिकारी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विगत 10 सालों से पुलिस जवान संजय सांवरे बच्चों की पाठशाला लगाकर उन्हें पढ़ाने का काम बखूबी कर रहे हैं। अपर कलेक्टर नवजीवन पंवार जैसे बड़े अधिकारी भी इस क्लास में पहुंचे और उन्होंने भी संजय सांवरे की कार्यशैली को देखा।





पूर्व कुलपति को एपीक्यूएन क्वालिटी चैंपियन अवॉर्ड

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। देवी अहिल्या विश्विद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. धीरेंद्र पाल सिंह को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट गुणवत्ता के लिए प्रतिष्ठित एपीक्यूएन क्वालिटी चैंपियन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। पुणे में अंतरराष्ट्रीय निर्णायक मंडल एवं बोर्ड की स्वीकृति के बाद उन्हें सम्मानित किया गया।



बनेड़िया और सिद्धवरकूट तीर्थ यात्रा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

धर्म प्रभावना समिति दलाल बाग ने श्रद्धालुओं की बनेड़ियाजी और सिद्धवरकूट तीर्थ यात्रा कराई। बनेड़िया में अजीतनाथ के दर्शन कर अभिषेक, शांतिधारा का आयोजन किया। देपालपुर में भगवान चन्द्रप्रभु जिनालय में दर्शन किए। अक्षय कासलीवाल, अजय टोंग्या, पुष्पेन्द्र वेद सोनू का सहयोग रहा।



सर्वोदय स्कूल के विद्यार्थियों ने फुलझड़ी से मनाया पर्व

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सर्वोदय बाल विनय मंदिर स्कूल सदर बाजार की प्राचार्या सोनाली दुबे ने बताया कि कल धनतेरस के एक दिन पहले विद्यार्थियों के साथ फुलझड़ी, चकरी, अनार जलाकर दीपावली का महापर्व मनाया गया। छोटे विद्यार्थियों ने छोटी फुलझड़ी जलाई और साथियों को बधाई भी दी। अध्यापकों ने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि वे बड़े भारी पटाखे नहीं छोड़े और छोटे फुलझड़ी, अनार और चकरी छोड़ने के दौरान भी सावधानी रखें, घर के बड़ों को साथ रखें।

'बेस्ट बडीज' की प्री-दिवाली पार्टी



तम्बोला सहित अन्य आयोजन का उठाया लुत्फ

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। माहेश्वरी समाज के 'बेस्ट बडीज़' ग्रुप के प्री-दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मुकेश-संगीता कचोलिया एवं ओम-ममता गगरानी के संयोजन में ग्रुप के दम्पति सदस्यों ने तम्बोला सहित अन्य प्रतियोगी गेम भी खेले, मेल-मिलाप के साथ हंसी-ठिठोली और संध्या उल्लास का आयोजन भी किया। मुकेश संगीता कचोलिया, ओम ममता गगरानी, गोपाल बबीता न्याती, पवन अर्चना भलिका, कमलेश प्रीति परतानी, अतुल अंजना महेश्वरी, मनोज सुनीता जाखेटिया, दीपक सोनल, महेश्वर कन्हैया विभा राठी, अनिल हेमा काबरा, दिनेश वंदना न्याती, गोविंद मधु लददर, आनंद वंदना हुरकट आदि सदस्य उपस्थित थे।



समाजसेवी गर्ग का सम्मान

इन्दौर। क्लाथ मार्केट से जुडे साड़ी व्यवसायी और समाजसेवी प्रहलाद गर्ग का उनके अवतरण दिवस पर बड़ा गणपति मंदिर के समीप कल उनका पुराने साथियों ने सम्मान किया। उक्त जानकारी लक्ष्मीनरायण कसेरा ने दी।

गाय को राष्ट्र माता घोषित किया जाए

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। जैन कालोनी में चातुर्मास कर रहे संत सुनील सागर म.सा. के समक्ष गाय को राष्ट्र माता घोषित करने के मुद्दे पर जैन समाजजन और करणी सेना के पदाधिकारियों ने आग्रह किया। दीपक पाटनी ने उक्त जानकारी



श्री श्रीविद्याधाम पर दीपावली महोत्सव का शुभारंभ

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। बिजासन रोड श्री श्रीविद्याधाम मंदिर एवं आश्रम पर दीपावली महोत्सव का शुभारंभ आज धनतेरस, धन्वंतरि जयंती एवं यम दीपदान के साथ किया जा रहा है। आज से प्रारम्भ हो रहे दीपावली महोत्सव के दौरान शनिवार 7 नवम्बर को रूप चतुर्दशी, रविवार 8 नवम्बर को दीपावली पर्व पर महालक्ष्मी पूजन होगा। इसी तरह मंगलवार 10 नवम्बर को सुबह 8 बजे से गो-गोवर्धन पूजा, 11 नवम्बर को भाई दूज, 17 नवम्बर को गोपा अष्टमी सहित सभी पर्वों पर गौ पूजन भी होगा। आंवला नवमी पर परम्परागत अन्नकूट महोत्सव भी आयोजित होगा।

भजन संध्या होगी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। छठ पूजन महापर्व के अन्तर्गत विजयश्री नगर तेजाजी मंदिर के पास 14 नवम्बर को रात्रि 8 बजे से यादव परिवार और श्रद्धालु मिलकर भजन संध्या का आयोजन कराएंगे। सुनील कृष्ण शास्त्री महाराज भजनों की प्रस्तुति देंगे।



फेडरेशन ने किया किट का वितरण

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। खुशियों के पल फाउंडेशन का मिशन 3000 – दीपावली राशन वितरण महाअभियान क़ा तीन दिवसीय आयोजन किया गया। 3 हजार परिवारों तक राशन किट वितरित की गई। 8 केन्द्रों से 26 प्रकार की राशन सामग्री की किट वितरित की गई। मनोज डागलिया, मनीष डागलिया, प्रवीण बंब, संदीप श्रीवास्तव सेवा कार्य आयोजन से जुडे रहे।

हंसदास मठ में आज शाम 11 हजार दीप से जगमगाहट

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। बिजासन रोड हंसदास मठ पर आज शाम को धन तेरस के उपलक्ष्य में मठ परिसर में 11 हजार दीपों से सजावट कर दीपोत्सव का शुभारंभ मठ के अधिष्ठाता श्रीमहंत स्वामी रामचरणदास महाराज के सानिध्य एवं महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के मार्गदर्शन में होगा। इस अवसर पर मठ स्थित सभी देवालयों में पूजा-अर्चना कर दीप प्रज्जलित किए जाएंगे।

कुष्ठ रोगी आश्रम में सेवा कार्य



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। डॉ. दादू महाराज संस्थान इंदौर के सदस्यों द्वारा पितृ पर्वत के सामने स्थित कुष्ठ रोगी आश्रम में सार्थक दीपावली पर्व मनाया गया। आश्रम में मौजूद सभी को और बच्चों को खाद्य सामग्री दी गई, आतिशबाजी भी की गई। गुलशन यादव, दादू महाराज, संजय अग्रवाल, विजय अम्बेकर, आशीष साहू, अशोक भुसारी, कमल धनगर, नवीन मंडलोई, सुमित बालानी, सौरभ मरखेडकर, माधव इंदौरी, उज्जवला मरखेडकर, सन्नी जादम, राहुल बुंदेला, संचित सोमवंशी, प्रज्ज्वल मालवीय, वैभव कोल्हापुरे,गौरव चौहान मौजूद थे।

सेन समाजजनों ने किया स्मारक भूमिपूजन के लिए आग्रह

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मध्य प्रदेश गुजराती सेन समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक चौहान सेन समाज इंदौर रजिस्टर्ड 94 के अध्यक्ष सुभाष वर्मा, सेन कंस्ट्रक्शन महासंघ के प्रदेश महामंत्री लोकेश विजयवर्गीय, माखन सिंह धाकड़ द्वारा नरसिंहपुर रेस्ट हाउस में मंडल के सांसद फगनसिंह कुलस्ते से मुलाकात कर



संत शिरोमणि सेन महाराज के जन्म स्थल पर शीघ्र सेन स्मारक का भूमिपूजन करवाने के लिए आग्रह किया गया। कुलस्ते जल्द से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से चर्चा कर बांधवगढ़ में सेन स्मारक का भूमिपूजन आयोजन करवाएंगे। उक्त जानकारी इन्दौर सेन समाज 94 अध्यक्ष सुभाष वर्मा ने दी।



योग केन्द्र ने 500 बच्चों को वितरित की मिठाई

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। दीपावली पर्व पर शिव शक्ति योग केंद्र ने 'सार्थक दीपावली अभियान' के तहत चार विद्यालयों के लगभग 500 बच्चों को मिठाई वितरित कर उनके साथ खुशियां बांटी गईं।

गीता भवन में दीपावली पूजन और अन्नकूट

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। गीता भवन मंदिर पर दीपावली पर महालक्ष्मी पूजन, हवन एवं अन्नकूट का दिव्य अनुष्ठान लक्ष्मी मंदिर में समाजसेवी नारायण हरि चौधरी परिवार के सहयोग से रविवार 8 नवम्बर को प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष राम ऐरन, मंत्री रामविलास राठी ने बताया कि गीता भवन में सोमवार 9 नवम्बर को शाम 6.30 बजे से श्रीराम दरबार मंदिर में 56 भोग समर्पण के बाद महाआरती होगी तथा अन्नकूट महोत्सव का महाप्रसाद शाम 7 बजे से वितरण होगा। इसी तरह गीता भवन में नियमित सत्संग की श्रृंखला में 8 नवम्बर से प्रतिदिन सुबह 9 से 10 एवं शाम 5 से 6 बजे तक प्रवचनों की वर्षा होगी।

अग्रबंधु पहुंचे आंगनवाड़ी के बच्चों के बीच

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। अग्रवाल समाज इंदौर के तत्वावधान में चल रहे सार्थक दीपावली अभियान के तहत श्यामाचरण शुक्ल नगर स्थित आंगनवाड़ी पहुंचकर करीब 150 बच्चों को खिलौने, मिठाई एवं आतिशबाजी की किट का वितरण किया गया। किशोर गोयल, पार्षद मृदुल अग्रवाल सहित अन्य सेवा कार्य से जुडे रहे।



भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का भोपाल में स्वागत

जय सूर्या गुट के साथ सक्रियता के दिए जिलाध्यक्ष तरुण सिसोदिया ने संकेत

धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि नितिन राठौर)। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का भोपाल में भव्य स्वागत किया गया, संगठन में नई जिम्मेदारी मिलने के बाद जिलाध्यक्ष तरुण सिसोदिया और कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है,

भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष तरुण सिसोदिया ने धार से चार पहिया वाहनों के एक बड़े काफिले के साथ भोपाल पहुंचकर भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का भव्य और जोशीला स्वागत किया। इस दौरान सिसोदिया ने प्रदेश नेतृत्व का आभार भी जताया। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष जय सूर्या की विशेष उपस्थिति ने सभी को चौंका दिया,राजनीतिक गलियारों में इस मुलाकात के गहरे मायने निकाले जा रहे हैं,सूत्रों की मानें तो इस शक्ति प्रदर्शन और उपस्थिति के बाद जिलाध्यक्ष तरुण सिसोदिया ने धार जिले



की राजनीति में प्रदेश उपाध्यक्ष जय सूर्या गुट के साथ मिलकर सक्रिय होने के स्पष्ट संकेत दे दिए हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि श्याम टेलर के कुशल नेतृत्व में प्रदेश भर में युवा मोर्चा संगठनात्मक रूप से अधिक मजबूत होगा और नई ऊर्जा के साथ काम करेगा। इस दौरान आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों और युवा मोर्चा की भविष्य की रणनीति को लेकर भी अनौपचारिक चर्चा हुई,इस पूरी मुलाकात और स्वागत कार्यक्रम के बीच स्थानीय राजनीति को लेकर भी बड़े संकेत सामने आ रहे हैं। राजनीतिक गलियारों में इस बात की पुरजोर चर्चा है कि जिलाध्यक्ष तरुण सिसोदिया ने आगामी दिनों में जिले की राजनीति के भीतर जय सूर्या गुट के साथ मिलकर बेहद सक्रिय भूमिका निभाने के स्पष्ट संकेत दे दिए हैं। चर्चा है कि स्थानीय स्तर पर गुटीय संतुलन और नए समीकरणों को साधने के लिए यह कदम बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। तरुण सिसोदिया की इस गुट के साथ बढ़ती नजदीकियां आने वाले दिनों में जिले की आंतरिक राजनीति, संगठनात्मक नियुक्तियों और आगामी कार्यक्रमों में एक बड़ा बदलाव ला सकती हैं। स्वागत समारोह में जिले से कई युवा मोर्चा के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

पिछड़ा वर्ग विद्यार्थियों को मिल रहा विदेश शिक्षा का मौका

फॉरेन एजुकेशन छात्रवृत्ति के लिए ले रहें ऑनलाइन आवेदन

2026-27 के लिए 50 सीटों पर होगा चयन,10 अभ्यर्थियों की बनेंगी प्रतीक्षा सूची

इंदौर। मध्यप्रदेश शासन के पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा पिछड़ा वर्ग के पात्र विद्यार्थियों को विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2026-27 के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

इस योजना का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक पात्र विद्यार्थी विभागीय पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थियों को योजना की पात्रता, शैक्षणिक योग्यता, आवश्यक दस्तावेज एवं अन्य निर्धारित शर्तों का विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध विज्ञप्ति के माध्यम से भली-भांति अवलोकन करने की सलाह दी गई है।



असुविधा से बचने के लिए करें विभाग में संपर्क

ऑनलाइन आवेदन करते समय किसी प्रकार की असुविधा, कठिनाई अथवा तकनीकी समस्या होने पर विद्यार्थी विभागीय हेल्पलाइन नंबर पर भी संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा ई-मेल आईडी पर भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।इंदौर जिले के इच्छुक अभ्यर्थी संबंधित सहायक संचालक, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग कलेक्टोरेट में भी संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा विभागीय ई-मेल आईडी पर भी संपर्क किया जा सकता है। सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने पात्र विद्यार्थियों से अपील की है कि वे विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इस महत्वपूर्ण अवसर का लाभ उठाएं तथा विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध विज्ञप्ति एवं दिशा-निर्देशों का अवलोकन कर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार समय-सीमा में ऑनलाइन आवेदन करें।

जारी विज्ञप्ति की तिथि से एक माह तक लिए जाएंगे आवेदन

खास बात यह है कि विभाग द्वारा प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों को विज्ञप्ति जारी होने की तिथि से एक माह तक स्वीकार किया जाएगा। इसके पश्चात प्राप्त आवेदनों को क्रमानुसार सूचीबद्ध कर विभागीय स्तर पर परीक्षण किया जाएगा। प्रथम चरण में अभ्यर्थियों की पात्रता एवं प्रस्तुत दस्तावेजों का परीक्षण कर निर्धारित नियमों एवं प्रावधानों के अनुसार चयन प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। साथ ही चयन प्रक्रिया के अंतर्गत प्रतीक्षा सूची भी तैयार की जाएगी। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए योजना के तहत कुल 50 सीटें निर्धारित की गई हैं। इन सीटों पर चयन के अतिरिक्त 10 अभ्यर्थियों की प्रतीक्षा सूची भी तैयार की जाएगी।



सिग्नल लगने के बाद भी नहीं मिल रही जाम से मुक्ति

इंदौर। राऊ विधानसभा के अंतर्गत गड़बड़ी पुलिया से आगे बिजलपुर चौराहे पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और रहवासियों के साथ व्यापारियों की मांग पर ट्रैफिक विभाग द्वारा चौराहे पर बड़े ट्रैफिक सिग्नल लगाए गए थे। लेकिन अब हालात यह है कि इस चौराहे पर पिछले तीन माह पहले सिग्नल लगाने के बावजूद क्षेत्र के लोगों को जाम से मुक्ति नहीं मिल पाई है। यही नहीं बिजलपुर ग्रामीण क्षेत्र के लोग इतने समय बाद भी ट्रैफिक सिग्नल पर नियमों का पालन करने के लिए चौराहे पर रुकना पसंद नहीं करते। जिसके कारण इस चौराहे पर आए दिन जाम की स्थिति बन रही है।

क्षेत्र के रहवासियों का कहना है कि इस चौराहे पर यातायात विभाग द्वारा चारों ओर बड़े टैफिक सिग्नल तो लगा दिए गए है लेकिन इस चौराहे पर सिग्नल लगने के बावजूद एक भी पुलिस जवान मौजूद नहीं रहता है। अक्सर ऐसी स्थिति के कारण यहां सुबह - शाम जाम लगा रहता है, जिस पर जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। जबकि इस चौराहे पर दुर्घटना और हादसों को रोकने के लिए जिम्मेदारों द्वारा ट्रैफिक का सर्वे करवाने के बाद पिछले दिनों ही बड़े ट्रैफिक सिग्नल लगाए गए थे। लेकिन ट्रैफिक पुलिस जवानों की कमी और और चौराहे पर अक्सर गैर मौजूदगी के कारण यहां लोग ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं कर पा रहे हैं। जिसके कारण यहां बार-बार जाम लगने की स्थिति पैदा हो रही है।

विधायक ने किया दौरा



खरगोन (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। खरगोन जिले के कसरावद विधायक सचिन यादव ने अपनी विधानसभा क्षेत्रों में दौरा किया। ग्राम चौपालों में ग्रामीणों से संवाद किया। 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान के तहत, लोकतंत्र की रक्षा के लिए जागरूकता का आह्वान किया, दुर्गापुर एवं बरसलाय में 1.40 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण किया। मतदाताओं से मतदाता सूची में नाम देखकर अपने नाम सुरक्षित करने की अपील भी की। ग्राम दुर्गापुर में 20 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित ग्राम पंचायत भवन का लोकार्पण किया। ग्राम दुर्गापुर में 55 लाख रुपये की लागत से निर्मित उपस्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण कर इसे क्षेत्रवासियों को समर्पित किया। इस उपस्वास्थ्य केंद्र के निर्माण के लिए अपनी भूमि दान कर जनसेवा की अनुकरणीय मिसाल प्रस्तुत करने वाले कांग्रेस परिवार के कल्याण बिरले एवं कैलाशबाई बिरले के प्रति विधायक यादव ने समस्त क्षेत्रवासियों की ओर से हृदय से आभार व्यक्त किया। ग्राम बरसलाय में 55 लाख रुपये की लागत से निर्मित उपस्वास्थ्य केंद्र एवं 10 लाख रुपये की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन के प्रथम तल का लोकार्पण किया।

200 मीटर हिस्से में लंबे समय से हो रही लोगों को परेशानी

दिवाली से पहले नई सड़क तैयार

इंदौर। विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 51 से जुड़े औद्योगिक क्षेत्र नेमावर रोड प्रभु तौल कांटे से लेकर चौधरी पार्क कॉलोनी हनुमान मंदिर तक करीब डेढ़ करोड़ की लागत से करीब 1100 मीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य विगत 6 माह से किया जा रहा था। जिसके अंतर्गत करीब 200 मीटर हिस्से में सड़क निर्माण कार्य बीच में रुक जाने से क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानी हो रही थी। इसके अलावा भीतर की आधा दर्जन गलियों में भी नई सड़क बनकर तैयार हो गई है। यही नहीं लंबे समय से अटकी पुलिया से चौधरी पार्क कॉलोनी हनुमान मंदिर तक की सड़क का बचा कार्य भी अब पूरा हो जाने से लोगों ने राहत की सांस ली।

खास बात यह है कि सालों बाद वार्ड 51 की दर्जनभर से ज्यादा कालोनियों की गलियां क्षेत्रीय विधायक महेंद्र हार्डिया और पार्षद मलखान कटारिया के प्रयासों से सीधे नेमावर रोड़ और देव गुराडिया बायपास क्षेत्र से



जुड़ने जा रही है। जिससे क्षेत्र के रहवासियों में दोहरी खुशी है। एक तरफ उनके क्षेत्र में लंबे समय के बाद क्षेत्र की मुख्य सड़क बनकर तैयार हो रही है। वही दूसरी ओर भीतर की गलियों की सड़कें भी बनकर तैयार हो गई है। इससे लोगों में दिवाली से पहले सड़क की सौगात मिलने से बेहद खुशी का माहौल है। पार्षद कटारिया ने बताया विराटनगर बगीचा क्षेत्र की आधा दर्जन से ज्यादा गलियों को भी नेमावर रोड़ से जोड़ने का काम हाल ही में पूरा किया गया है। इसके अलावा अग्रवाल कचोरी वाली औद्योगिक गली पहले से नेमावर रोड बायपास से सीधे जुड़ी हुई है। जिससे भविष्य में मूसाखेड़ी क्षेत्र से आने वाला ट्रैफिक वैकल्पिक मार्गो से गुजरेगा। जिससे सांवरिया धाम क्षेत्र में जाम नहीं लगेगा।

नवग्रह मेला ग्राउंड की सफाई

खरगोन (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। नवग्रह मेला ग्राउंड परिसर में पटाखा मार्केट लगता है। यहां की सफाई जेसीबी मशीन, ट्रैक्टर ट्राली के माध्यम से कराई गई। स्वास्थ्य अधिकारी प्रकाश चित्ते ने बताया कि पटाखा मार्केट में बड़ी संख्या में लोग आते हैं। इसलिए सफाई व्यवस्थआ को चाकचौबंद किया गया।



संपादकीय

दिल्ली की हवा फिर जहरीली पाबंदियों के बावजूद क्यों नहीं थम रहा प्रदूषण

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड यानी सीपीसीबी के आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 367 से 482 के बीच दर्ज किया जा रहा है। इस स्थिति को 'बहुत खराब' से भी गंभीर श्रेणी में माना जाता है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में इस मौसम में प्रदूषण से उपजा संकट कोई नया नहीं है। लगातार इस समस्या से दो-चार होते रहने के मद्देनजर सरकार ने इस वर्ष भी प्रदूषण को कम करने के लिए कई स्तर पर पाबंदियां लागू की हैं। मगर यह समझना मुश्किल है कि प्रदूषण की मार से निपटने के लिए हर वर्ष तय ढांचे में जो भी उपाय किए जाते हैं, उसके बावजूद दिल्ली सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र यानी एनसीआर की हवा इस कदर जोखिम भरी और जहरीली क्यों हो जाती है। प्रदूषण पर काबू पाने के मकसद से ही इस समस्या पर नजर रखने और काम करने वाले महकमे आखिर क्यों इस कदर लाचार नजर आते हैं और दूसरी ओर, आम लोगों के सामने अपनी सेहत को दुरुस्त रखना एक बड़ी चुनौती बन जाता है। गौरतलब है कि ठंड की आहट के बाद दिल्ली में एक बार फिर प्रदूषण की मुश्किल गहरा रही है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड यानी सीपीसीबी के आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 367 से 482 के बीच दर्ज किया जा रहा है। इस स्थिति को 'बहुत खराब' से भी गंभीर श्रेणी में माना जाता है। सवाल है कि इस वर्ष प्रदूषण के गहराने की आशंका के मद्देनजर दिल्ली सरकार ने कई स्तर पर उपाय किए हैं, वाहनों की आवाजाही और निर्माण कार्यों आदि के मोर्चे पर पाबंदियां लगाई हैं। पचास फीसद कर्मचारियों के घर से काम करने के निर्देश की खबरें भी आई हैं। इसके बावजूद अगर प्रदूषण के स्तर में कमी आने के बजाय बढ़ोतरी हो रही है, तो इसकी क्या वजहें हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि दिल्ली की हवा में अचानक ही प्रदूषण का स्तर ज्यादा बढ़ने के पीछे मौसम में बदलाव, हवा की धीमी रफ्तार और बढ़ती नमी बड़ी वजह है। ऐसी स्थिति में प्रदूषण के कण हवा में फैलने के बजाय जमीन के आसपास जमा हो रहे हैं। यही वजह है कि महज चार दिन पहले जहां दिल्ली में एक्यूआइ सिर्फ 117 दर्ज किया गया था, वहीं अब यह लगातार चार सौ के आसपास पहुंच गया है। यहां के सभी सत्तावन प्रदूषण निगरानी केंद्रों पर हवा की गुणवत्ता खराब या उससे भी बदतर श्रेणी में दर्ज की जा रही है। समूचे एनसीआर में तस्वीर कमोबेश यही है। दिल्ली में अब तक प्रदूषण के जिन कारकों की पहचान की जा सकी है, उसके मुताबिक वाहनों के धुएं से होने वाले प्रदूषण, औद्योगिक उत्सर्जन, निर्माण कार्यों से लेकर पराली जलाने तक को मुख्य कारण माना गया है। मगर इसका सिरा खोज पाना अब भी मुश्किल है कि इन उपायों के बाद भी हवा में सूक्ष्म कण या प्रदूषण को जटिल बनाने वाले तत्त्व कहां से आ जाते हैं। इंसानी सेहत पर इसका काफी नकारात्मक असर पड़ता है और लोग लगातार आंखों में जलन तथा सांस की तकलीफ में बढ़ोतरी की शिकायत करते हैं। साथ ही हृदय रोगों के गंभीर होने की आशंका बढ़ जाती है। विचित्र यह है कि जिस समय दिल्ली सहित एनसीआर हवा की बेहद खराब गुणवत्ता और उससे उपजी समस्याओं से दो-चार है, उसी समय दक्षिण भारत, पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों में स्थिति काफी बेहतर होती है। असल मुश्किल प्रदूषण का संकट गहराने के मूल कारणों की पहचान और उससे निपटने के कारगर इंतजामों को प्राथमिकता न देना है। इसके बजाय आमतौर पर वैसे उपाय किए जाते हैं, पाबंदियों की घोषणा की जाती है, जिनसे हवा की गुणवत्ता में शायद ही कुछ सुधार हो पाता है। ऐसे में सबसे ज्यादा जरूरी यही है कि आम लोगों को प्रदूषण फैलाने वाले मूल कारकों की पहचान कर उसी मुताबिक समाधान के रास्ते खोजे जाएं।

एक लाख की ब्राउन शुगर और बाइक के साथ तस्कर गिरफ्तार



इंदौर। शहर में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यस्तरीय 'एंटी नारकोटिक्स अभियान' और जीरो टॉलरेंस नीति के तहत चंदन नगर पुलिस ने एक और प्रभावी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने धार रोड स्थित सुख समृद्धि गार्डन के पास घेराबंदी कर एक तस्कर को दबोच लिया, जिसके कब्जे से एक लाख रुपये कीमत की ब्राउन शुगर और परिवहन में प्रयुक्त बिना नंबर की मोटरसाइकिल जब्त की गई है।

थाना प्रभारी वेदेन्द्र सिंह कुशवाह के अनुसार, चंदन नगर पुलिस टीम बीती रात क्षेत्र में गश्त और अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान रात्रि करीब 09:00 बजे धार रोड स्थित एस्सार पेट्रोल पंप के पास सुख समृद्धि गार्डन के सामने एक संदिग्ध व्यक्ति बिना नंबर की काले रंग की एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल के साथ खड़ा दिखाई दिया। पुलिस ने शंका के आधार पर उसे रोककर पूछताछ की। संदेही ने पूछताछ में अपना नाम मोहम्मद सोहेल पिता मोहम्मद साबिर उर्फ झोलजाल निवासी गरीब नवाज बस्ती, ग्रीन पार्क के पास बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली, तो उसके कब्जे से कुल 11.16 ग्राम संदिग्ध ब्राउन शुगर बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के पास से 1 लाख रुपये कीमत की ब्राउन शुगर और 50 हजार रुपये कीमत की बिना नंबर की एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल जब्त कर ली है। चंदन नगर थाने में आरोपी के विरुद्ध धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

इंदौर-जावरा ड्रग लिंक की हो रही जांच

शुरुआती पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी यह मादक पदार्थ जावरा क्षेत्र से लेकर आया था। पुलिस अब इस मामले में फॉरवर्ड और बैकवर्ड ट्रेसिंग कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह यह ब्राउन शुगर किससे खरीदता था और इस अवैध सप्लाई नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। पुलिस द्वारा साक्ष्यों के आधार पर आगे की सख्त वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

अवैध एमडी ड्रग्स के साथ होटल कर्मचारी गिरफ्तार



इंदौर। क्राइम ब्रांच ने स्कीम 171 स्थित साईं कृपा कॉलोनी के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से 11 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स जब्त की है। जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 10 हजार रुपये बताई जा रही है।

क्राइम ब्रांच टीम शहर में गश्त और चेकिंग के दौरान स्कीम 171 के पास पहुंची थी। वहां एक संदिग्ध व्यक्ति हाथ में सफेद रंग की कपड़े की थैली लिए बैठा दिखाई दिया, जो पुलिस टीम को देखकर अचानक हड़बड़ा गया। शंका होने पर जवानों ने तुरंत घेराबंदी कर उसे धर दबोचा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम राजेश बघेल निवासी चिकित्सक नगर,लसुड़िया बताया। आरोपी 5वीं तक पढ़ा-लिखा है और विजय नगर स्थित कृष्णा पैलेस होटल में रिसेप्शनिस्ट का काम करता है। पुलिस ने जब आरोपी की विधिवत तलाशी ली, तो उसकी थैली से 11 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स बरामद हुई। क्राइम ब्रांच ने मादक पदार्थ जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस फिलहाल आरोपी से रिमांड पर पूछताछ कर रही है।

सिटी बस में सफर कर रहे बुजुर्ग की जेब से 50 हजार उड़ाए

इंदौर। भंवरकुआं थाना क्षेत्र में सिटी बस में सफर कर रहे एक बुजुर्ग यात्री की जेब से अज्ञात बदमाशों ने 50 हजार रुपये नकद पर हाथ साफ कर दिया। बस में भीड़भाड़ का फायदा उठाकर चोरों ने घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने पीड़ित बुजुर्ग की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, यह वारदात आईटी पार्क चौराहा के पास भंवरकुआं क्षेत्र में हुई। मामले की शिकायत सखाराम पिता उमदा करौड़ा (73 वर्ष) निवासी बड़गांव गुर्जर, जिला खंडवा ने दर्ज कराई है। पीड़ित बुजुर्ग सखाराम ने पुलिस को बताया कि वे चौइथाराम मंडी से सिटी बस क्रमांक एमपी 09 एफए 9004 में सवार होकर तीन इमली बस स्टैंड की तरफ जा रहे थे। उनकी जेब में कुल 50,000 रुपये नकद रखे हुए थे। जैसे ही बस आईटी पार्क चौराहा, भंवरकुआं के पास पहुँची और उन्होंने बस का किराया चुकाने के लिए अपनी जेब से पैसे निकालने चाहे, तो उनके होश उड़ गए। जेब से 50 हजार रुपये गायब थे। बुजुर्ग यात्री को रास्ते में ही अज्ञात जेबकतरों द्वारा हाथ साफ करने का अहसास हुआ। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। भंवरकुआं थाना पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

सियागंज में व्यापारी से दीपावली के नाम पर अवैध वसूली का प्रयास

पैसे देने से इनकार पर मारपीट, आरोपी पर केस दर्ज

इंदौर। व्यस्ततम व्यावसायिक क्षेत्र सियागंज में दीपावली की आड़ में रंगदारी और अवैध वसूली का मामला सामने आया है। दुकान में घुसकर व्यापारी से त्यौहार के नाम पर रुपयों की मांग की गई और मना करने पर आरोपी ने व्यापारी के साथ झूमाझटकी करते हुए मारपीट कर दी। सेंट्रल कोतवाली थाना पुलिस ने पीड़ित व्यापारी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, यह वारदात सियागंज स्थित राधे ट्रेडिंग दुकान पर हुई। मामले की शिकायत आनंद पिता प्रहलाद दास गुप्ता, निवासी शहनाई रेसीडेन्सी, एबी रोड ने दर्ज कराई है। पीड़ित व्यापारी आनंद ने पुलिस को बताया कि दोपहर के समय आरोपी महेन्द्र वर्मा निवासी महेश जोशी नगर, सियागंज उनकी दुकान राधे ट्रेडिंग पर आया। दुकान में आते ही आरोपी जबरन दीपावली के नाम पर रुपयों की मांग करने लगा। जब व्यापारी ने उसे बेवजह पैसे देने से साफ इनकार कर दिया, तो आरोपी भड़क गया। आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए व्यापारी के साथ झूमाझटकी की और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी।

दिवाली शॉपिंग पार्सल का झांसा देकर गृहणी से 78 हजार की ठगी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर 75 हजार रुपए कराए रिफंड

इंदौर। शहर में साइबर ठगों द्वारा त्योहारों के सीजन में अपनाए जा रहे नए-नए हथकंडों के बीच इंदौर क्राइम ब्रांच ने एक पीड़ित ग्रहणी को बड़ी राहत दिलाई है। ऑनलाइन शॉपिंग के पार्सल का पता अपडेट करने के नाम पर ठगी गई 78 हजार की राशि में से पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 75 हजार रुपये वापस रिफंड करवा लिए हैं। क्राइम ब्रांच के अनुसार, एक ग्रहणी ने दिवाली की ऑनलाइन खरीदारी की थी, जिसका पार्सल डिलीवर होना था। इसी दौरान एक अज्ञात ठग ने खुद को डिलीवरी बॉय बताकर उन्हें फोन किया और पार्सल का पता गलत होने का झांसा दिया। आरोपी ने पता अपडेट करने के बहाने मोबाइल पर एक एपीके फाइल या लिंक भेजी। जैसे ही महिला ने उस लिंक पर क्लिक किया, उनके चार अलग-अलग बैंक खातों से कुल 78,000 रुपये पार हो गए।?ठगी का अहसास होते ही पीड़िता ने तुरंत ऊँइ पोर्टल पर साइबर शिकायत दर्ज कराई। क्राइम ब्रांच की फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन टीम ने तत्परता दिखाते हुए दिल्ली, ओडिशा, गुजरात और महाराष्ट्र के विभिन्न संदिग्ध बैंक खातों में ट्रांसफर हुई ठगी की रकम को तत्काल फ्रीज करवाया। इसके बाद कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए माननीय न्यायालय के आदेश के माध्यम से 75,000 की राशि सफलतापूर्वक आवेदिका के खाते में रिफंड करवा ली गई है।

सोना-चांदी के आज के भाव



गोल्ड कैश	एमसीएक्स
143100	142010
सिल्वर कैश	**एमसीएक्स**
187000	184030

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

लाखों की एमडी ड्रग्स और क्रेटा कार के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

इंदौर। छत्रीपुरा पुलिस ने गंगवाल बस स्टैंड के पास चेकिंग पॉइंट पर घेराबंदी कर एक क्रेटा कार सवार दो शातिर तस्करों को दबोच लिया, जिनके कब्जे से 2.89 लाख रुपए मूल्य की अवैध एमडी ड्रग्स और परिवहन में कार जब्त की गई है।

पुलिस के अनुसार, गुरुवार को छत्रीपुरा थाना पुलिस टीम गंगवाल बस स्टैंड के पास संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक हुंडई क्रेटा कार को रोककर उसमें सवार दो लोगों से पूछताछ की गई। शंकास्पद गतिविधि प्रतीत होने पर जब पुलिस ने विधिसम्मत तलाशी ली, तो उनके पास से 28.85 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स बरामद हुई। पुलिस ने मौके से गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद अफजल उर्फ अज्जू पिता मोहम्मद मुस्ताक, निवासी छिपा बाखल और फिरोज पिता सुबराती खान, निवासी खजरानी कांकड़



एमआईजी के रूप में की है। पुलिस रिकॉर्ड खंगालने पर सामने आया कि आरोपी मोहम्मद अफजल शातिर प्रवृत्ति का अपराधी है, जिसके खिलाफ पूर्व से विभिन्न थानों में 13 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें 3 प्रकरण एनडीपीएस एक्ट के हैं। वहीं दूसरे आरोपी फिरोज के विरुद्ध पूर्व से 2 अपराध दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2,90,000 अनुमानित कीमत की 28.85 ग्राम एमडी ड्रग्स तथा तस्करी में प्रयुक्त हुंडई क्रेटा कार एमपी 09 सीएक्स 6625, अनुमानित कीमत 9,00,000 जब्त की है। इस प्रकार कुल ग्यारह लाख नब्बे हजार रुपये का माल जब्त कर छत्रीपुरा थाने में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस आरोपियों से नशीले पदार्थों के स्रोत और सप्लाई नेटवर्क के संबंध में सघन पूछताछ कर रही है।

15 दिनों तक समझी जीआरपी की कार्यप्रणाली

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शासकीय रेलवे पुलिस जीआरपी की कार्यप्रणाली से 15 दिनों तक नवपदस्थ पुलिसकर्मियों को अवगत कराया गया। इसका समापन कल पुलिस अधीक्षक रेलवे इंदौर यशपाल सिंह राजपूत की उपस्थिति में किया गया। इसमें इंदौर के अलावा बाहर से भी प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। इनमें बेसिक प्रशिक्षण के पश्चात जीआरपी में नवपदस्थ एवं जीआरपी की कार्यप्रणाली से नए पुलिसकर्मी शामिल थे। समापन पर अधिकारी ज्योति शर्मा, अमित भावसार, मोहन मालवीय, पूनम शर्मा सहित अन्य भी मौजूद रहे।



बिजली कंपनी ने 6500 पेंशनरों के जीवन प्रमाण पत्र प्राप्त किए

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने पेंशनरों के जीवन प्रमाण पत्र के लिए अभियान चलाया हैं। कंपनी के मुख्यालय में विशेष रूप से बुजुर्ग पेंशनरों की मदद के लिए टीम लगाई हैं, जो प्रतिदिन सैंकड़ों पेंशनरों की मदद कर जीवन प्रमाण पत्र तैयार कर रही हैं, साथ ही फेस एप के माध्यम से जीवन प्रमाण पत्र घर बैठे भी पेंशनर स्वयं बना रहे हैं, जिसे भी स्वीकार किया जा रहा है, ताकि आगामी एक वर्ष तक पेशनरों को नियमानुसार पेंशन राशि समय पर वितरित की जा



सके। पेंशनरों की हरसंभव मदद के लिए अभियान चलाया हैं। इसके माध्यम से दैनिक रूप से मुख्यालय में पेंशनरों के जीवन प्रमाण पत्र तैयार किए जा रहे हैं। रेटिना एवं अंगुली चिन्ह के माध्यम से पेंशनरों के जीवन प्रमाण पत्र तैयार कर आगामी एक वर्ष की पेंशन राशि के भुगतान की नियमानुसार व्यवस्था की जा रही है। बुजुर्ग पेंशनरों के लिए विशेष साइकिल भी रखी गई हैं, ताकि पैर में तकलीफ होने पर वे संबंधित डेस्क तक आसानी से पहुंच पाएं। अब तक 6500 से ज्यादा पेशनरों के जीवन प्रमाण पत्र प्राप्त हो चुके हैं।

अन्तरमहाविद्यालयीन वॉलीबॉल महिला स्पर्धा में एसजीएसआईटीएस इन्दौर विजेता

इंदौर। राजीव गांधी प्रोद्योगिकी विष्वविद्यालय के तत्वाधान मे एक्रोपॉलिस फार्मेसी इन्स्टीट्युट इन्दौर द्वारा आयोजित आरजीपीवी भोपाल की इन्दौर नोडल स्तरीय अन्तर महाविद्यालयीन वॉलीबॉल (महिला) स्पर्धा में एसजीएसआईटीएस इन्दौर की महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता होने का गौरव हासिल किया।

सेमीफाइनल मैच के एकतरफा मुकाबले में एसजीएसआईटीएस इन्दौर ने मेजबान एक्रोपॉलिस फार्मेसी इन्स्टीट्युट इन्दौर को 25-14 एवं 25-18 पाइंट से पराजित कर फॉयनल में प्रवेश किया।

फायनल मैच में एसजीएसआईटीएस इन्दौर ने



एक्रोपॉलिस इन्जीनियरिंग इन्स्टीट्युट इन्दौर को 25-19 एवं 25-21 अंक से पराजित कर खिताबी जीत दर्ज की।

एसजीएसआईटीएस इन्दौर की वॉलीबॉल टीम की कप्तान सुहानी बियाला थी तथा स्पर्धा का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार भी इन्होने अर्जित किया। इस स्पर्धा में एसजीएसआईटीएस की वॉलीबॉल टीम से जिन खिलाड़ियो का प्रदर्षन सराहनीय रहा उसके नाम इस प्रकार है - सुहानी बियाला, वैश्णवी नंदी, आकांक्षा ठाकरे, प्राची कटारा एवं तनिषा रोशन।

आरजीपीवी की राज्य स्तरीय वॉलीबॉल महिला स्पर्धा हेतु एसजीएसआईटीएस की उक्त पांचो खिलाड़ियों का चयन हुआ।

इस उपलब्धि पर संस्थान के निदेशक प्रो. नितेश पुरोहित ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर संस्थान की डीन छात्र कल्याण प्रो अंजना जैन, प्रभारी स्टुडेंट संघ प्रो. राजेष खत्री, क्रीड़ा समिति के सदस्य प्रो. एम.एल.जैन, प्रो.आर.सी.गुर्जर, अरूण कुलिहा, प्रो.रवि जाटोला एवं उपनिदेशक शा. शिक्षा डॉ.मनीष जायसवाल भी उपस्थित थे।

कार्यालय नगर परिषद सांवेर जिला इन्दौर म.प्र.

E-mail Add:cmosawer@mpurbangov.in Tel-07321-220070

क्रमांक-1505 **दिनांक 05/11/2026**

निकाय में दुकान नामांतरण हेतु प्राप्त आवेदों की सूची-

क्र.	आवेदक का नाम पिता/पति क़ा नाम	हस्तांतरकर्ता का नाम	वार्ड	पता	नामांतरण का आधार
1	राजेश पिता गणेश चौधरी	चिंतामण पिता रामरतन	15	नगर परिषद के सामने अजनोद रोड सांवेर	इकरारनामा
2	बन्टू पिता मानसिंह चौधरी	1.लक्ष्मी पति नेमीचंद जैन 2.राहुल 3.मिलि जैन पिता नेमीचंद जैन	03	बस स्टेण्ड सांवेर	इकरारनामा

उपरोक्त वर्णित दुकान नामांतरण हेतु आवेदन प्राप्त हुए है। जिस किसी को कोई आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो इश्तहार जारी करने के दिनांक से 15 दिवस के अंदर आपत्ति मय प्रमाण अभिलेख को कार्यालय में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें। अवधि समाप्त होने के पश्चात किसी भी व्यक्ति की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा तथा उपरोक्त दर्शाए अनुसार दुकान पर हकों का अंतरण (नामांतरण) कर दिया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद सांवेर जिला इन्दौर

इन्दौर नगर पालिक निगम

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **1.ताराबाई पति पति स्व. गणेश 2.आशीष पिता स्व. गणेश** द्वारा वार्ड 28 झोन क्र 08 राजस्व विभाग में पता-319-ए/11 न्यू 34/11 पुराना मेघदूत नगर इन्दौर पर आवेदन कर पिन नं. 1000940539 रजिस्टर्ड विक्रय पत्र प्रस्तुत कर नामांतरण चाहा है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.08 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्रं. 08
नगर पालिक निगम इन्दौर

इन्दौर नगर पालिक निगम
मां हरसिद्धी झोन क्र.-12

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **1.श्री कमल वाधवानी 2. दीपक वाधवानी** द्वारा झोन 12 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री/वसीयतनामा/वारिसनाते शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र लिंक दस्तावेज प्रस्तुत कर सम्पत्तिकर सर्विस पिन नं. 1001118648 पता 203-204 ख़ातीवाला टैंक इन्दौर पर नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.12 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्र.-12
नगर पालिक निगम इन्दौर

इन्दौर नगर पालिक निगम
मां हरसिद्धी झोन क्र.-12

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **सावित्री बाई** द्वारा झोन 12 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री/ वसीयतनामा/ वारिसनाते शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र लिंक दस्तावेज प्रस्तुत कर सम्पत्तिकर सर्विस पिन नं. 1001160541 पता 99/2 नया 101/2 भगत कंवरराम कालोनी इन्दौर पर नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.12 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्र.-12
नगर पालिक निगम इन्दौर

इन्दौर नगर पालिक निगम
मां हरसिद्धी झोन क्र.-12

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **1.श्रीमती दीपेन्दर छाबडा 2.तन्वी छाबडा 3.तान्या छाबडा** द्वारा झोन 12 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री/ वसीयतनामा/ वारिसनाते शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र लिंक दस्तावेज प्रस्तुत कर सम्पत्तिकर सर्विस पिन नं. 1001158492 पता 413 स्कीम नं. 44 मनीष पैलेस खातीवाला टैंक इन्दौर पर नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन12 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्र.-12
नगर पालिक निगम इन्दौर

मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण
कार्यालय मुख्य अभियंता वि./यां. नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण भोपाल (म.प्र.)
निविदा आमंत्रण सूचना वास्ते प्रकाशन (द्वितीय आमंत्रण)

निविदा सूचना क्रं. 08/जी–100/2026–27 दिनांक 04/11/2026

निम्न कार्य की ऑन लाइन निविदा ई–प्रोक्यूरमेंट सिस्टम पोर्टल www.mptenders.gov.in पर जारी की जा रही है। निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार हैः–

स. क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित राशि (रू. में)	धरोवर राशि (रूं में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	निविदाकार की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	2	3	4	5	6	7
1.	कठोरा उद्वहन सिंचाई योजना के चरण– 1, 2, 3 एवं 4 पर स्थापित व्ही.टी.पंपो, सेन्ट्रिफ्यूगल पंपों मोटर सहित और 33/6.6, 33/3.3 एवं 33/0.415 के.व्ही. उपकेन्द्रो का चालन एवं रखरखाव कार्य दो वर्षो के लिये।	रु. 9910349. (रूपये निन्यानवे लाख दस हजार तीन सौ उनपचास) मात्र	रु. 99103/– (रू. निन्यानवे हजार एक सौ तीन) मात्र	रु.12500 (रू. बारह हजार पांच सौ) मात्र	प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में 'बी' एवं ऊपर की श्रेणी में पंजीकृत तथा 'अ' श्रेणी विद्युत लायसेन्स तथा समान कार्य का अनुभव।	2 वर्ष (अनुबंध की तिथि से)

निविदा कार्य के प्रपत्र क्रय करने की तिथि : 04/11/2026, 17:31 से 18/11/2026, 17:30 तक (केवल आनलाइन)

निविदा की धरोहर राशि खुलने की तिथि : 20/11/2026, 10:30 से 20/11/2026, 17:30 तक(केवल आनलाइन)

प्राइज बीड खुलनें की तिथि : 20/11/2026, 10:30 से 20/11/2026, 17:30 तक(केवल आनलाइन)

निविदा प्रपत्र को उपरोक्त वेबसाइट पर केवल ऑन लाइन क्रय किया जा सकता है। ऑन लाइन पर भुगतान डेबिट/कैश कार्ड या इन्टरनेट बैंकिंग अकाउण्ट्स के माध्यम से किया जा सकता हैं।

निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।

नोटः– यह निविदा कमिशन के आधार पर है।

मुख्य अभियंता वि/यां
नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण,
59 अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.)

जी-21140/26

जिला बैडमिंटन संघ की टीम घोषित, सभी को दी किट



इंदौर। जिला बैडमिंटन संघ ने मध्य प्रदेश बैडमिंटन के इतिहास में नया अध्याय जोड़ दिया है। आगामी जी. एच. रायसोनी मेमोरियल म.प्र. राज्य 5वीं मिनी एवं 60वीं सब-जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026, जो 13 से 18 नवंबर तक भोपाल में होगी, के लिए इंदौर से 61 खिलाड़ियों एवं 2 कोच गौरव नमन सिंह एवं गौरव योगी का चयन हुआ है।

टीम में अंडर-9, अंडर-11, अंडर-13 और अंडर-15 बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ी शामिल हैं। नैय्यर ने बताया कि इंदौर जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के इतिहास में पहली बार सभी 61 खिलाड़ियों एवं कोचेस को किट (टी-शर्ट) और यात्रा भत्ता व दैनिक भत्ता प्रदान किया गया। इसके साथ ही एक और बड़ी उपलब्धि यह रही कि चयनित खिलाड़ियों के अलावा, इंदौर जिला बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा राज्य चैंपियनशिप के लिए 165 से अधिक एंट्री भी भेजी गई हैं । यह इंदौर में बैडमिंटन के प्रति बढ़ते उत्साह और खिलाड़ियों की बड़ी संख्या को दर्शाता है ।

किट वितरण कार्यक्रम में सभी चयनित खिलाड़ियों को किट एवं यात्रा भत्ता व दैनिक भत्ता सौंपकर उन्हें भोपाल के लिए शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सीमा (भंडारी) बापना थी, कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज सेवी पारस कटारिया ने की। इस मौके पर इंदौर जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अनिल भंडारी, सचिव आर. पी. एस. नैय्यर, सह सचिव धर्मेश यशलाहा, रजनीश जैन, श्वेतांक वर्मा, कोच गौरव नमन सिंह, कोच गौरव योगी, मनीष त्रिवेदी एवं रूबी नैय्यर उपस्थित थे।

रोनाल्डो के संन्यास से हर कोई निराश, दो दशक तक किया दिलों पर राज



नई दिल्ली। क्रिस्टियानो रोनाल्डो के इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास लेने के साथ ही कई फैंस के लिए इस खेल के मायने बदल गए हैं। एक ऐसा दौर खत्म हो चुका है,जिसे मिलेनियल ने अपनी आंखों के सामने बनते देखा और जेन-जी ने इसे जिया। किसी ने क्रिस्टियानो रोनाल्डो को पहली बार मैनचेस्टर यूनाइटेड की लाल जर्सी में खेलते देखा, तो किसी ने रियल मैड्रिड में उनके गोल का जश्न मनाया। किसी के लिए वह फिटनेस का आइकॉन बने तो किसी के लिए कभी हार नहीं मानने की मिसाल। अब पुर्तगाल के सुपरस्टार ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास का ऐलान कर दिया है। 41 साल के रोनाल्डो ने 5 नवंबर को अपने 23 साल लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कहने का फैसला किया। अगस्त 2003 में पुर्तगाल के लिए डेब्यू करने वाले रोनाल्डो अब नवंबर के अंतरराष्ट्रीय ब्रेक के बाद राष्ट्रीय टीम की नंबर-7 जर्सी सौंप देंगे। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि वह क्लब फुटबॉल से भी संन्यास ले रहे हैं। वह अपने क्लब अल नस्र के लिए खेलना जारी रखेंगे। रोनाल्डो की लोकप्रियता की सबसे खास बात यह रही कि उन्होंने दो अलग-अलग पीढ़ियों के युवाओं को फुटबॉल की तरफ आकर्षित किया। कोई भी खिलाड़ी खेल से बड़ा नहीं होता, लेकिन कुछ खिलाड़ी खेल को बड़ा बनाते हैं और रोनाल्डो इस लिस्ट में सबसे ऊपर हैं। मिलेनियल्स ने उन्हें मैनचेस्टर यूनाइटेड और रियल मैड्रिड के दौर में सुपरस्टार बनते देखा, जबकि जेन-जी ने सोशल मीडिया, यूट्यूब शॉर्ट्स और इंस्टाग्राम के दौर में उनके गोल, सेलिब्रेशन और फिटनेस को फॉलो किया। उनका 'सिउउ' सेलिब्रेशन दुनिया भर में फेमस हुआ। मैदान पर रफ्तार, हवा में ऊंची छलांग, लंबी दूरी से गोल और बड़े मुकाबलों में प्रदर्शन ने उन्हें सिर्फ फुटबॉलर नहीं, बल्कि ग्लोबल ब्रांड बना दिया।

स्टार खिलाड़ियों की डिमांड, इतने करोड़ दो नहीं तो ऑक्शन में जा रहे

नई दिल्ली। आईपीएल 2028 के मेगा ऑक्शन से पहले कई फ्रेंचाइजियों की सिरदर्दी बढ़ना तय माना जा रहा है। खबर निकलकर आ रही है कि लीग के कुछ नामी-गिरामी स्टार खिलाड़ियों ने टीम के साथ रुकने के लिए 40 करोड़ रुपये तक की भारी-भरकम रिटेंशन फीस मांग ली है। इस मोटी रकम की मांग ने फ्रेंचाइजियों के होश उड़ा दिए हैं क्योंकि इतने बड़े बजट में किसी एक खिलाड़ी को रिटेन करने से पूरी टीम का ढांचा बिगड़ सकता है।

सूत्रों के मुताबिक, कम से कम दो दिग्गज खिलाड़ियों ने अपनी टीमों को साफ कह दिया है कि अगर उनकी मनमुताबिक कीमत नहीं मिली तो वे टीम छोड़ देंगे। यही नहीं कुछ और स्टार खिलाड़ी भी इसी फिराक में हैं। खिलाड़ियों को लगता है कि रिटेन होने से बेहतर है कि वे ऑक्शन की ओपन मार्केट में उतरें जहां उन्हें अपनी असली मार्केट वैल्यू और ज्यादा पैसे मिल सकते हैं।

खिलाड़ियों का ऑक्शन में जाकर बड़ी रकम बनाने का यह पैंतरा नया नहीं है। आईपीएल 2025 के दौरान भी ऋषभ पंत और श्रेयस अय्यर ने अपनी पुरानी फ्रेंचाइजियों के रिटेंशन ऑफर को नकार दिया था। इसके बाद जब दोनों खिलाड़ी बोली के मैदान में उतरे तो पंत को 27 करोड़ और अय्यर को 26.75 करोड़ रुपये का भारी फायदा मिला। बताया तो यह भी जा रहा है कि एक बड़े खिलाड़ी ने पैसों के साथ-साथ टीम की कमान सौंपने की शर्त भी सामने रखी है।

बढ़ सकती है टीमों की पर्स लिमिट

अगर गणित के हिसाब से समझें तो 2028 के मेगा ऑक्शन तक टीमों की कुल पर्स लिमिट 120 करोड़ से बढ़कर करीब 150 करोड़ रुपये होने की उम्मीद है। 150 करोड़ के कुल बजट में से अगर अकेले एक खिलाड़ी को ही 40 करोड़ दे दिए गए तो पर्स का एक-चौथाई से ज्यादा हिस्सा वहीं खत्म हो जाएगा। ऐसे में फ्रेंचाइजी के पास बाकी खिलाड़ियों की खरीदारी के लिए बेहद कम पैसे बचेंगे। जो टीमें 3 से 4 स्टार खिलाड़ियों को साथ बनाए रखना चाहती हैं उनके लिए यह मांग किसी आफत से कम नहीं है। अगर फ्रेंचाइजियां इस दबाव में झुकती हैं तो उनके पास प्लेइंग 11 की बाकी 10 जगहें भरने के लिए बजट ही नहीं बचेगा। अब देखना होगा कि टीमें अपने स्टार खिलाड़ियों की यह शर्त मानती हैं या उन्हें नीलामी के मैदान में जाने की खुली छूट देती हैं।

गत चैंपियन भारत ने शुरुआती मुकाबले में पाकिस्तान को हराया

नई दिल्ली। सैफ चैंपियनशिप 2026 के ग्रुप बी के अपने पहले मैच में गत चैंपियन भारत ने पाकिस्तान को 3-2 से मात देकर शानदार शुरुआत की। गुरुवार को नेशनल स्टेडियम में खेले गए मुकाबले के पहले हाफ में सुहैल अहमद भट ने दो गोल किए और फिर मंगलेंथांग किपगेन ने तीसरा गोल करके हाफ-टाइम तक भारत को 3-0 की मजबूत बढ़त दिलाई। स्टॉपेज टाइम में पाकिस्तान के नजीब उल्लाह और आलमगीर गाजी ने दो गोल दागे, लेकिन भारतीय टीम ने अपनी बढ़त बरकरार रखते हुए पूरे तीन अंक हासिल किए। भारतीय टीम अब 11 नवंबर को इसी मैदान पर ग्रुप बी के अपने आखिरी मुकाबले में मालदीव का सामना करेगी। प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी।

यू.टी.डी. इंदौर ने जीता संभाग स्तरीय महिला खिताब



इंदौर। मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग एवं देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के तत्वावधान में संभाग स्तरीय महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता का सफल आयोजन शासकीय महाविद्यालय सांवेर में किया गया। प्रतियोगिता के रोमांचक फाइनल मुकाबले में यू.टी.डी. इंदौर ने शासकीय महाविद्यालय सांवेर को 5-4 से पराजित कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। सांवेर की टीम उपविजेता रही।

समारोह में मुख्य अतिथि भाजपा नेता दिलीप चौधरी, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी सुभाष जैन तथा सांसद प्रतिनिधि भगवती मकवाना उपस्थित रहे। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी.एस. कनेल ने की।

इस अवसर पर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग की संचालक डॉ. सुधीरा चंदेल, चयन समिति अध्यक्ष डॉ. हरदीप सिंह रूप्पल एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ. किशोर ऐरेडे सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के पश्चात आयोजित चयन ट्रायल में शासकीय महाविद्यालय सांवेर की तीन महिला खिलाड़ियों का चयन विश्वविद्यालय की टीम में हुआ है। ये खिलाड़ी महाराष्ट्र में आयोजित होने वाली वेस्ट जोन इंटर-यूनिवर्सिटी हैंडबॉल प्रतियोगिता में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगी। प्राचार्य डॉ. डी.एस. कनेल एवं महाविद्यालय परिवार ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता का संचालन प्रो. नारायण चौधरी ने किया तथा आभार डा रणजीत सिंह रावत ने व्यक्त किया।

लश्करी को फिफ्थ डान ब्लैक बेल्ट

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। स्कूल शिक्षा विभाग के कोच रह चुके अमय लश्करी को एस के आई एफ कराते महासंघ ने फिफ्थ डान ब्लैक बेल्ट की उपाधि से नवाज़ा है। हाल ही में कन्याकुमारी और नेपाल अंतराष्ट्रीय में उनके दृढ़संकल्प और अनुशासन से टीम ने न सिर्फ इंदौर बल्कि पूरे मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व कर संपूर्ण देश को गौरांवित किया है एवं अब



उनके नेतृत्व में टीम पन्ना में होने वाली राज्य स्तरीय एवं पंजाब में होने वाली राष्ट्रीय स्पर्धा जीतकर भूटान मे अपना हुनर दिखाएगी।

पॉवर पेंथर को खिताबी सफलता

इंदौर। इंदौर जिला टेबल टेनिस संगठन के तत्वावधान में आयोजित की गई द्वितीय इंदौर टेबल टेनिस लीग के फाइनल मुकाबले में पॉवर पेथर ने टेबल टाईटन को शानदार खेल का प्रदर्शन कर खिताब अपने नाम किया। स्पर्धा के मुकाबले अभय प्रशाल में खेले गए।

लीग स्पर्धा के फाइनल मुकाबलें में में पॉवर पेंथर ने टेबल टाईटंस को 6-4 से हराकर खिताब जीता। पॉवर



पेंथर की आरवी जैन ने नेहल नाहर को 2-1 से, प्रथम बाथम-प्रशांत महंत की जोडी ने राजु शर्मा - चैतन्य करोडे की जोडी को 2-1 से, नक्षत्र राज सिंह ने कियान इंगले को 2-1 से, हिया पटेल ने भुमिका साहुकार को 2-1 से, प्रशांत महंत ने राजु शर्मा को 2-0 से, प्रथम बाथम ने चैतन्य करोडे को 2-0 से पराजित कर अपनी टीम को विजयी बनाया। वही टेबल टाईटंस के लिये अबु बकर ने मृदुल पुरोहित को 2-1 से, आर्णव शेगांवकर ने आर्जव पाठक को 2-0 से, आर्य जौरे ने ईवा खान को 2-1 से,, दुर्वेश लोकरे ने मृणाल सिंह ठाकुर को 2-1 से परास्त किया।

घनी आबादी वाले मकान में छुपाकर रखा 2.30 लाख रुपए का अवैध पटाखा जब्त

एक आरोपी गिरफ्तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



राऊ पुलिस ने कुमार मोहल्ला स्थित एक रिहाइशी मकान पर दबिश देकर 2 लाख 20 हजार रुपये मूल्य के अवैध पटाखों का जखीरा जब्त किया है। घनी आबादी के बीच अवैध रूप से रखे गए इस विस्फोटक भंडार से कोई भी बड़ा हादसा हो सकता था।

पुलिस के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुमार मोहल्ला स्थित एक आवासीय मकान में भारी मात्रा में अवैध पटाखों का भंडारण करके रखा गया है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्काल बताए गए स्थान पर दबिश दी। मकान की तलाशी लेने पर एक कमरे में बड़ी मात्रा में पटाखे छिपाकर रखे हुए मिले। पुलिस ने मौके से आरोपी नौसाद मंसूरी पिता हाजी मोहम्मद नियाज, निवासी कुमार मोहल्ला, राऊ को हिरासत में लिया। जब पुलिस ने आरोपी से पटाखों के भंडारण और बिक्री से जुड़े वैध दस्तावेज तथा लाइसेंस मांगे, तो वह कोई भी अनुमति पत्र प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस टीम ने स्वतंत्र साक्षियों की मौजूदगी में संपूर्ण कार्रवाई की वीडियोग्राफी कराते हुए लगभग दो लाख बीस हजार रुपये कीमत के अवैध पटाखे एवं विस्फोटक सामग्री विधिवत जब्त कर ली। राऊ थाना पुलिस ने आरोपी नौसाद मंसूरी के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम की धारा 9बी और बीएनएस की धारा 288 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

बीच सड़क पर सवारी उतारने वाले वाहनों पर कार्रवाई

ऊपर तक सामान भरने वाले वाहनों को भी लिया दायरे में

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।





यातायात थाना प्रभारी सुमित बिलोनिया ने चोइथराम चौराहा पर यातायात प्रबंधन कार्य के दौरान देखा कि डॉल्फिन बस द्वारा बीच सड़क पर सवारियां उतारी जा रही थीं, जिससे यातायात बाधित हो रहा था। उक्त उल्लंघन पर बस के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 5,000 का जुर्माना लगाया गया। इसी प्रकार निर्धारित वाहन ऊंचाई से लगभग दोगुनी ऊंचाई तक माल लोड कर परिवहन कर रहे एक वाहन के विरुद्ध भी यातायात निरीक्षक सुमित बिलोनिया द्वारा कार्रवाई की गई।

शराब पीने की बात पर युवक पर चाकू से हमला

इंदौर। परदेशीपुरा थाना क्षेत्र स्थित टापू नगर में बीती देर रात शराब पीने की बात को लेकर हुए विवाद में दो युवकों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में घायल युवक के कूल्हे पर गहरा घाव आया है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर दो आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, यह वारदात शिव मंदिर व पानी की टंकी के पास हुई। मामले की शिकायत किशोर नन्नाबरे पिता मोहन नन्नाबरे, निवासी नई जीवन की फैल ने दर्ज कराई है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि वह रात करीब 12 बजे गली में बैठकर शराब पी रहा था। इसी दौरान आरोपी लड्डू निवासी टापू नगर और आदी बराठ वहां पहुंचे। जब फरियादी ने उन्हें अपने घर जाने को कहा, तो आरोपी भड़क गए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो गए। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने चाकू से वार कर दिया, जो फरियादी के कूल्हे में जा लगा। वारदात के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।

बिस्तर के नीचे रखा पर्स और सूटकेस से सोने की चेन ले उड़े चोर

इंदौर। विजय नगर थाना क्षेत्र के मालवीय नगर में चोरी की एक वारदात सामने आई है। ड्यूटी पर गई दो बहनों के सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर नकदी और सोने की चेन पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, यह घटना मालवीय नगर इलाके की है। मामले की शिकायत मोनिका पिता संजय राठौर, मूल निवासी ग्राम लुन्हेरा बुजुर्ग, जिला धार, हाल निवासी मालवीय नगर ने दर्ज कराई है। पीड़िता मोनिका ने पुलिस को बताया कि वह और उसकी बहन अपनी नौकरी पर गई हुई थीं। जब वे काम से वापस घर लौटीं, तो कमरे की तलाशी लेने पर वारदात का पता चला। पीड़िता ने देखा कि बिस्तर के नीचे रखा उसका गुलाबी रंग का पर्स गायब था, जिसमें लगभग 6,000 रुपये नकद रखे हुए थे। इसके बाद जब दोनों बहनों ने अपने सूटकेस की जांच की, तो उसमें रखी सोने की चेन भी नदारद थी। कोई अज्ञात चोर कमरे में दाखिल होकर बिस्तर के नीचे से नकदी से भरा पर्स और सूटकेस में रखी सोने की चेन चुराकर ले गया।

चार माह पुराने हिट एंड रन मामले का खुलासा

सीसीटीवी और ई-रिक्शा शोरूम से मिले डेटा पर आरोपी चालक गिरफ्तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

तुकोगंज थाना क्षेत्र में चार महीने पहले हुए एक हिट एंड रन मामले का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। नाकोड़ा बुटीक और महफिल साड़ी शॉप के सामने सड़क दुर्घटना कर मौके से फरार हुए ई-रिक्शा चालक को पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की मदद से तलाश कर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने हादसे में प्रयुक्त ई-रिक्शा भी जब्त कर लिया है।



पुलिस के अनुसार, करीब चार माह पूर्व तुकोगंज थाना इलाके में महफिल साड़ी शॉप के सामने एक ई-रिक्शा चालक ने वाहन को लापरवाही से चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया था। घटना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की थी और जांच उपरांत अज्ञात चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसकी तलाश शुरू की गई थी। प्रकरण में खात्मा होने के स्तर पर पहुंचने के बावजूद तुकोगंज पुलिस और स्पेशल क्राइम यूनिट की टीम ने हार नहीं मानी और घटना की तह तक पहुंचने के प्रयास जारी रखे। टीम ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज का बारीकी से विश्लेषण किया और नाकोड़ा बुटीक के चौकीदार से मिली जानकारी के आधार पर मुखबिरों को सक्रिय किया। विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने ई-रिक्शा कंपनी के शोरूम से भी महत्वपूर्ण डेटा जुटाया। तकनीकी साक्ष्यों और कड़ी से कड़ी जोड़ने के बाद पुलिस टीम ने घटना में शामिल ई-रिक्शा क्रमांक एमपी 09 डीएफ 2725 को चिन्हित कर लिया। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर चालक जयंत सिंह गुंसारी निवासी आजाद नगर को धर दबोचा। पूछताछ में आरोपी जयंत ने सड़क दुर्घटना कारित करना स्वीकार कर लिया है। तुकोगंज थाना पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर ई-रिक्शा जब्त कर लिया है और अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

पूड़ी निकालने वाले झारे से किया हमला

इंदौर। परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में पानी पीने जैसी मामूली सी बात पर विवाद इतना बढ़ा कि अज्ञात बदमाशों ने एक मजदूर पर पूड़ी निकालने वाले लोहे के झारे से हमला कर उसे घायल कर दिया। परदेशीपुरा थाना पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, यह घटना क्षेत्र स्थित साईं मंदिर के पास हुई। मामले की शिकायत शेखर पिता अनिल जाटव, निवासी जगजीवन राम नगर ने दर्ज कराई है। पेशे से मजदूर फरियादी ने पुलिस को बताया कि वह साईं मंदिर में खाना खाने गया था। भोजन के बाद जब वह नल पर पानी पीने पहुंचा, तो वहां दो-तीन अज्ञात युवक मंजन कर रहे थे। फरियादी द्वारा पानी पीने के लिए रास्ता मांगने पर एक युवक ने हटने से इनकार कर दिया और गालियां देने लगा। जब शेखर ने गाली-गलौज का विरोध किया, तो आरोपियों ने पास ही रखे पूड़ी निकालने वाले झारे से उस पर हमला कर दिया।



स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा, सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587।

RNI NO. MPHIN/2005/15582
cityblastindore@gmail.com